झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ





www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 ● अंक 127 ● दुमका ● रविवार, 16 मई 2021 ● पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com



सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।



● स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया ● सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 ● www.rgsgurukulam.com


## संक्षिप्त समाचार

### सावधान! ब्लैक फंगस हो रहा घातक

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के साथ-साथ अब ब्लैक फंगस के केस भी बढ़ने लगे हैं। कई राज्यों में ऐसे मरीज मिले हैं जिनमें यह फंगल इंफेक्शन पाया गया है। ब्लैक फंगस केस के बढ़ने के पीछे कोरोना वायरस तो है ही साथ में स्टेरॉयड को भी जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। शनिवार को एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि डायबिटीज, कोरोना पॉजिटिव और स्टेरॉयड लेने वाले रोगियों में फंगल इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में हमें स्टेरॉयड का दुरुपयोग रोकना चाहिए।

गुलेरिया ने कहा कि यह रोग चेहरे, नाक, आंख या फिर मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। फेफड़ों में भी फैल सकता है और आंखों की रोशनी भी जा सकता है। गुलेरिया ने कहा कि इस इंफेक्शन को रोकने के लिए हमें प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। यह देखा गया है कि यह एक सेकेंडरी इंफेक्शन है फंगल और बैक्टेरियल है जो मौत का कारण बन रहे हैं।

### सुविचार

अपने से ज्यादा शक्तिशाली दुश्मन को अनुकूल व्यवहार के द्वारा वश में करना चाहिए, एक दुर्जन स्वभाव के शत्रु से प्रतिकूल व्यवहार करके वश में करना चाहिए, इसी प्रकार अपनी शक्ति के बराबर शत्रु से विनम्रता से या बलपूर्वक जो भी उस समय उचित हो, अपने वश में करने की कोशिश करनी चाहिए।

● चाणक्य नीति

### गुड मॉर्निंग

प्रेमी - क्या तुम जानती हो कि संगीत में इतनी शक्ति होती है
कि पानी गरम हो सकता है!
प्रेमिका - हां जरूर, क्यों नहीं।
जब तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है,
तो पानी क्यों नहीं...!!!

### बिजनेस

सेंसेक्स

48,732.55+41.75 (0.086%)

निफ्टी

14,677.80–18.70 (0.13%)

### दैनिक पंचांग

तिथि: शुक्ल ग्रीष्म
मास अमांत: वैशाख
मास पूर्णिमांत: वैशाख
वार: रविवार सम्वत: 2078
नक्षत्र: आर्द्रा - 11:14:05 तक
योग: शूल - 26:49:59 तक
करण: विष्टि - 10:02:42 तक

### मौसम

अधिकतम – 36 $^{0}$
न्यूनतम – 26$^{0}$

सूर्योदय: 05:30:03
सूर्यास्त: 19:05:09

# गांवों में महामारी फैलने से रोकना होगा: पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

देश में कोरोना के कहर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हाई-लेवल मीटिंग की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हाई पॉजिटिविटी रेट वाले इलाकों में टेस्टिंग बढ़ाई जाए। उन्होंने गांवों में कोरोना के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गांवों में डोर-टू-डोर टेस्टिंग और सर्विलांस की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा उन्होंने वेंटिलेटर्स का इस्तेमाल नहीं होने पर भी नाराजगी जताई है।

मीटिंग के दौरान बताया गया कि मार्च के शुरुआती हफ्ते में करीब 50 लाख टेस्ट किए जा रहे थे, जिसे अप्रैल में बढ़ाकर हर हफ्ते 1.3 करोड़ टेस्ट कर दिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण इलाकों में ऑक्सीजन की प्रॉपर सप्लाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को वेंटिलेटर और अन्य उपकरणों को ऑपरेट करने के लिए ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जरूरी उपकरणों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में होम आइसोलेशन और इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



**● वैक्सीनेशन की रफ्तार पर भी चर्चा**

मीटिंग में देश में कोरोना के हालात का रिव्यू किया गया। इस दौरान देश में वैक्सीनेशन की रफ्तार को लेकर भी चर्चा हुई। मीटिंग में सरकार की तैयारी के बारे में प्रधानमंत्री को बताया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय और नीति आयोग से जुड़े सीनियर अफसर बैठक में शामिल हुए।

**● राज्यों को दिए गए वेंटिलेटर्स का ऑडिट हो**

प्रधानमंत्री ने कुछ राज्यों में वेंटिलेटर का उपयोग सही से नहीं होने की कुछ रिपोर्टों को गंभीरता से लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार की ओर से मुहैया कराए गए वेंटिलेटर्स की इंस्टालेशन और ऑपरेशन का तत्काल ऑडिट किया जाना चाहिए।

**● गांवों के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी तैयार की जाए**

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजन की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी तैयार की जाए। इसमें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स को भी शामिल किया जाए। चिकित्सा उपकरणों के सुचारू ऑपरेशन के लिए बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**● राज्य पारदर्शिता से कोरोना के केस बताएं**

राज्यों को पारदर्शिता के साथ कोविड केसों की संख्या जारी करनी चाहिए। उन्हें इस दबाव में नहीं आना चाहिए कि ज्यादा संख्या दिखाने से महामारी पर नियंत्रण की उनकी कोशिशों पर कोई बुरा असर पड़ेगा।


## भारत ने अनेक मुश्किलों पर जीत पाई है, कोरोना पर भी पाएगा: भागवत

**नई दिल्ली/नयी दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भरोसा जताया है कि कोरोना महामारी पर भारत जरूर विजय पाएगा। उन्होंने इसके लिए दृढ़ संकल्प, सतत प्रयास व धैर्य रखने का आ''ान किया है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर प्रयास करने पर जोर देते हुए कहा कि यह गुण-दोषों के बारे में चर्चा करने का समय नहीं है।

कोविड रिस्पॉन्स टीम के संयोजक ले. जन. गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बताया कि भागवत 'हम जीतेंगे-पाज़ीटिविटी अनलिमिटेड' व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय अपने सारे मतभेद भुलाकर साथ मिलकर काम करना होगा। सब लोग एक टीम बनकर काम करेंगे तो सामूहिकता के बल पर हम अपनी और समाज की गति बढ़ा सकते हैं।

भागवत ने कोरोना महामारी के अर्थव्यवस्था पर प्रभावों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली लहर के बाद हम गफलत में आ गए और अब तीसरी लहर आने की बात हो रही है। इससे अर्थव्यवस्था, रोजगार, शिक्षा आदि पर गहरा प्रभाव पड़ा है। आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था पर और असर पड़ सकता है, इसकी तैयारी हमें अभी से करनी होगी।



भागवत ने आह्वान किया कि भविष्य की इन चुनौतियों की चर्चा से घबराना नहीं है बल्कि यह चर्चा इसलिए जरूरी है ताकि हम आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समय रहते तैयारी कर सकें। सजग, सक्रिय व स्वस्थ रहते हुए धैर्य व अनुशासन के साथ सेवा कार्यों में जुटना चाहिए। कोरोना के रोगियों को अस्पतालों में बिस्तर, ऑक्सीजन आदि उपलब्ध हों, इसके प्रयास करने चाहिए। सेवा कार्यों में लगे संगठनों को सहयोग करना चाहिए। अपने आसपास के उन परिवारों की चिंता करनी चाहिए जिन पर आर्थिक संकट है।

## चक्रवात तौकते: एनडीआरएफ ने पांच राज्यों के लिए 53 दल किए तैयार

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने अरब सागर में बन रहे चक्रवात 'तौकते' से निपटने के लिए 53 दलों को तैयार किया है। एनडीआरएफ के महानिदेशक एसएन प्रधान ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में इन दलों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन 53 दलों में से 24 दलों को पहले ही तैनात कर दिया गया है जबकि शेष को तैयार रहने को कहा गया है। एनडीआरएफ के एक दल में करीब 40 कर्मी होते हैं और उनके पास पेड़ और खंभे काटने के औजार, नौकाएं, मूलभूत दवाएं और अन्य राहत एवं बचाव सामान होता है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इन तटीय राज्यों द्वारा जारी किए कुछ परामर्शों के अनुसार दक्षिण अरब सागर और लक्षद्वीप इलाके में बृहस्पतिवार को दबाव का क्षेत्र बन गया है। आईएमडी ने अपनी चेतावनी रिपोर्ट में कहा, 'यह शनिवार सुबह तक इसी क्षेत्र में गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा और उसके बाद अगले 24 घंटों में चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा।'

## बंगाल में कंप्लीट लॉकडाउन

कोलकाता/एजेंसी। देश में जारी कोरोना कहर के बीच पश्चिम बंगाल में भी कंप्लीट लॉकडाउन का ऐलान हो गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों को थामने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में 16 मई से 30 मई तक कंप्लीट लॉकडाउन लगा दिया है। इस दौरान अब अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर सभी गतिविधियों पर पाबंदी रहेंगी। स्कूल-कॉलेज समेत सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। राज्य के मुख्य सचिव के मुताबिक, कंप्लीट लॉकाडाउन के दौरान बंगाल में जरूरी सेवाओं के आलावा कुछ भी चालू नहीं रहेगा और इनसे जुड़े लोगों को ही यात्रा करने की छूट रहेगी। बंगाल में शादियों में सिर्फ 50 लोगों के शामिल होने की अनुमति है, जबकि अंतिम संस्कार में अधिकतम 20 लोग शामिल हो सकेंगे।

# आज से बिना पास निकले तो देना होगा जुर्माना

**रांची/एजेंसी।**

कोरोना संक्रमण का चेन तोड़ने के लिए झारखंड में 16 मई से गाड़ियों के मूवमेंट को प्रतिबंध कर दिया गया है। बगैर ई-पास के निजी वाहनों के चलने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। रेल या हवाई जहाज पकड़ने के लिए अगर कोई निजी वाहन से जाता है तो उसे टिकट और वैध परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। वाहन (बाईक-कार दोनों) से शहर के अंदर या राज्य के अंदर आने-जाने के लिए ई-पास अनिवार्य है। बिना पास के पकड़े जाने पर पुलिस जुर्माना वसूलेगी। स्वास्थ्य समस्या और अंतिम संस्कार के लिए आवागमन को छोड़कर सभी तरह के मूवमेंट के लिए ई-पास दिखाना जरूरी है। परिवहन सचिव केके सोन ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

**● तैयार किया गया है विशेष पोर्टल**

ई-पास के आवेदन के लिए झारखंड सरकार की तरफ से एक विशेष पोर्टल तैयार किया गया है। यहीं से राज्य भर के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा कहीं से भी ई-पास प्राप्त नहीं किया जा सकता है। यहां आवेदन करने के लिए आवेदक को अपने आधार कार्ड के साथ गाड़ी के कागजात की स्कैन कॉपी भी रखनी होगी। किसी भी सूरत में गाड़ी का डॉक्यूमेंट 1 एमबी से अधिक का नहीं होना चाहिए।

आश्चर्यजनक

# नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन से ठीक हुए 90% कोरोना मरीज

**भोपाल/एजेंसी।**

मध्य प्रदेश में नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन लगवाने वाले 90 प्रतिशत मरीज कोरोना वायरस और फेफड़ों में संक्रमण को मात देने में सफल रहे हैं। नकली इंजेक्शन बेचने वालों के खिलाफ जांच कर रही एमपी पुलिस भी इससे हैरान है। उसे ये नहीं सूझ रहा कि सीएम शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के अनुसार आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला कैसे दर्ज करे।

सीएम ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर और जबलपुर में नकली रेमडेसिविर बेचने वालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। ताज्जुब यह है कि जिन लोगों ने नकली इंजेक्शन लिए, उनमें से किसी के शव को दफनाया नहीं गया। मध्य प्रदेश में नकली इंजेक्शन बेचने वाले जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनका संबंध गुजरात की एक गिरोह से है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नकली इंजेक्शन लेने वाले 10 मरीजों की इंदौर में मौत हुई है, जबकि 100 से ज्यादा मरीज ठीक हो गए। जिनकी मौत हुई, उनके शव को जला दिया गया। ऐसे में उनकी मौत को नकली इंजेक्शन से जोड़ना पुलिस के लिए मुसीबत बन गई है।




जांच कर रही पुलिस भी इन नतीजों से हैरान है। नकली इंजेक्शन की शीशियों में ग्लूकोज वाटर भरा गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डॉक्टरों को इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि ग्लूकोज वाटर से फेफड़ों का इंफेक्शन खत्म कैसे हो गया। गुजरात से पकड़े गए आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने इंदौर में करीब 700 और जबलपुर में 500 नकली इंजेक्शन बेचे थे। इंदौर के आईजी हरिनारायण मिश्रा चारी ने कहा है कि एक भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं, जबलपुर में इस मामले की जांच अटकी हुई है। पुलिस नकली इंजेक्शन खरीदने वाले मरीजों का पता ही नहीं लगा पा रही क्योंकि अस्पताल में उनका कोई रेकॉर्ड ही नहीं रखा गया था।


Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

आवश्यकता




झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

## संक्षिप्त समाचार

### अब तक हुए मृत्यु से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश

**दुमका।** उपायुक्त राजेश्वरी बी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जनवरी 2021 से अब तक हुए मृत्यु से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 का संक्रमण ग्राम स्तर पर फैलने से रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। ग्राम स्तर पर कोविड-19 संक्रमण का पता लगाने के लिए हाल के दिनों में ग्राम अंतर्गत मरने वाले व्यक्तियों की सूची बनायी जाय। ताकि यदि किसी एक ग्राम में अत्यधिक संख्या में व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, तो मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संबंधित ग्राम के पंचायत सचिव, राजस्व कर्मियों, मुखिया, पंचायत जनप्रतिनिधि, सेविका, सहायिका के माध्यम से सर्वेक्षण कराते माह जनवरी 2021 से अब तक हुए मृत्यु की सूची निर्धारित प्रपत्र में उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए।

### 22 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए

**दुमका।** उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि कुल 22 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। आज कुल 40 व्यक्ति कोरोना से ठीक हुए। अब तक दुमका जिला में कुल 4418 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। अबतक कुल 40 लोगों की मौत हो चुकी है। वर्तमान में कुल 495 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

1253 लोगो का सैंपल कलेक्ट किया गया.उपायुक्त ने लोगों से अपील कि है कि बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलें व सामाजिक दूरी का पालन करें। अफवाहों से दूर रहें। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

### डीप एरिगेशन की मदद से खेती कर महिलाएं हो रही आत्म निर्भर

**दुमका।** जहां एक ओर लॉकडाउन से देश में लोग गरीबी और अभाव ग्रस्त जिंदगी से जूझ रहे हैं। लोगों के कमाई पर सीधा असर पड़ा है। सभी घर बैठे हाथ मल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर घर में ही रहकर महिलाएं लाखों कमा रही है. हम बात कर रहे हैं दुमका जिले के मसलिया प्रखंड स्थित रंगाटांड़ गांव की। जहां किरण देवी व राबड़ी देवी ने लोगों को यह कर के दिखाया है कि विषम परिस्थितियों से पार पाकर कैसे आत्म निर्भर बना जा सकता है। दोनों महिलाओं ने जीसेलपीएस से जुड़कर बैंक से क्रेडिट लिंकेज कराकर ऋण लेकर एक एकड़ जमीन पर करेली व मिर्च की खेती टपक सिंचाई के माध्यम से शुरू की। जैविक खाद का उपयोग करके एक मिसाल कायम की है।और घर बैठे लाखों कमाई की है।जनवरी महीने से खेतों को तैयार करने के बाद किरण देवी स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ऋण लेकर खेतों में लग पड़ी। पैंतालीस दिनों के बाद मेहनत रंग लाई और करेला व मिर्च तैयार हो गया। छोटे से कुंवे से मोटर लगाकर टपक सिंचाई व मल्चिंग तैयार कर व नाडेप द्वारा जैविक खाद बनाकर यह काम किया है। जिसके बाद 60 रुपये करेली व 80 रुपये किलो के भाव से मिर्च बिक्री कर ऋण की चुकता करते लाखों का मुनाफा कमा रही है।खेतों के काम में हल से लेकर जेवामृत नाडेप व विटामिन तैयार करने में परिवार के सदस्य कृत्यानंद राय सहयोग देते हैं। उनका मानना है कि खेतों में रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करते हैं क्योंकि यह शरीर के लिए हानिकारक होता है। अपने घरों में उपलब्ध गाय के गोबर गौ मूत्र बेसन गुड़ आदि से मिट्टी के लिए जेवामृत आदि बनाकर कर डालते हैं। आधुनिक समय में लोग रासायनिक उर्वरकों से उपजे अनाज खाकर बीमार पड़ रहे हैं। जैविक खाद शरीर के लिए अच्छा है।इस काम समूह से जुड़े दीदियों को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण कराने का काम संस्था के पीआरपी बिष्णु कुमार करते हैं। नई तकनीक की खेती बीजों का चयन व समूह के दीदियों को प्रोत्साहित करने काम आदि समय समय पर करते हैं। बिष्णु कुमार का कहना है कि जीसेलपीएस आत्मनिर्भर बनने का दीदियों को एक अवसर प्रदान करती है जो इसमें रुचि दिखाते हैं वह लाखों का मुनाफा घर बैठे कमाते हैं। रंगाटांड़ से पांच किलोमीटर पालाजोरी हाट पड़ता है, जहां सप्ताह में एक बार सब्जी मंडी में सब्जी पहुंचाकर महिलाएं पैसे कमा रही हैं।

### वर्तमान में 242 कंटेनमेंट जॉन सक्रिय

- **कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 व्यक्तियों ने भरा जुर्माना**

**दुमका।** वर्तमान में जिले में 242 कंटेनमेंट जोन सक्रिय हैं। ज्ञात हो कि कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के निवास स्थल को केन्द्र बिन्दु मानते हुए भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में कंटेनमेंट जॉन बनाये जा रहे हैं।

कंट्रोल रूम को आमजनों से कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त सभी शिकायतों का निष्पादन किया गया। दरअसल कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए आमजनों के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।कंट्रोल रूम के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कोविड-19 से संबंधित शिकायत या सूचना प्राप्त कर सकता है। 24×7 यह कंट्रोल रूम कार्यरत है। मास्क नहीं पहनने एवं कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 व्यक्तियों से 1700 रुपये जुर्माना वसूल किया गया है।

### जंगली हाथी के प्रकोप से बचाव के लिए मुख्यमंत्री को दिया गया आवेदन

**दुमका।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र मे एक जंगली हाथी के उत्पात से त्रस्त ग्रामीणों को इन दिनों कोरोना महामारी में घर से बाहर अलाव जलाकर रातें व्यतीत करनी पड़ रही हैं। जंगली हाथी के उपद्रव से ग्रामीण बेहद भयभीत हैं। भोजन की तलाश में ये हाथी अकसर आबादी क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों के घरोंको ध्वस्त कर उसमें रखे धान व राशन को चट कर कच्चे घरों में तोड़फोड़ कर डालते हैं। रात के समय में जंगली हाथी खेती को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं इन हाथियों के प्रकोप से किसी न किसी ग्रामीण को नुकसान उठाना पड़ रहा है वन विभाग झारखंड सरकार इनपर 24 घंटे नज़र नहीं रख रही हैं. अब तक झुंड से बिछड़े इस हाथी ने 3-4 लोगों को कुचल कर मार डाला है. इसको लेकर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शिकारीपाड़ा विकास भगत ने मुख्यमंत्री एवं उपायुक्त महोदया से ईमेल के जरिये आवेदन दे कर माँग की है की है की

» 1) क्षेत्र में हाथी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

» 2)प्रशासन जंगली हाथी की लोकेशन पर 24 घंटे नज़र रखी जाए

» 3)हाथी को ट्रंकुलाइज(बेहोश कर) किया जाए एवं किसी घने जंगल में छोड़ा जाए (सारंडा)

» 4) जंगली हथिया के वहज जिनके घरों खेतों नुकसान हुआ हैं जो मानवीय नुकसान हुआ है उन्हें तत्काल पूरा मुवावजा दिलाया जाए

» 5) हाथी से बचाव सुरक्षा हेतु समाचार पत्रों मे विज्ञापन जारी किया जाए

» 6)जंगली हाथियों में रेडियो कॉलोर लगाया जाए ताकि इनके लोकेशन पर निगरानी रखी जा सके

# लॉक डाउन के सभी निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जायः राजेश्वरी बी

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)




दुमका। उपायुक्त राजेश्वरी बी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लॉक डाउन संबंधी विधि व्यवस्था, वैक्सीनेशन, सैंपल कलेक्शन को लेकर बैठ की। इस दौरान उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को रोकथाम के लिए सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा कई कदम उठाये गए हैं। जिसके फलस्वरूप हम कोविड-19 के चैन को तोड़ने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।जिले में संक्रमित मरीजों के संख्या में कमी भी देखी जा रही है। टेस्टिंग, सैंपल कलेक्शन और वैक्सीनेशन का कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन बेहतर ढंग से हो रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी रखने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों से नियमों के उल्लंघन की सूचनाएं लगातार प्राप्त हो रही हैं। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी संक्रमण फैल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के तहत लॉक डाउन के सभी निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साप्ताहिक हाट बाजार लगते हैं। हाट बाजार लगने वाले क्षेत्रों की सूची तैयार कर ली जाए तथा जिस दिन हाट लगते हैं उस दिन उक्त क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर दी जाय ताकि सामाजिक दूरी बनी रहे। पुलिस फोर्स, मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी की जाय ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके।2 बजे तक ही हाट लगाया जा सकेगा। हाट बाजार पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। हाट लगाने वाले ऑर्गेनाइजर के साथ बैठक कर उन्हें सख्त निर्देश दिया जाए कि अगर कोविड-19 के नियमों को उल्लंघन होता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। हाट में आरएटी टेस्ट की व्यवस्था की जाए। आरएटी टेस्ट के लिए स्थानीय टीम को लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों (दूसरे राज्य तथा दूसरे जिले से सटे क्षेत्रों) में चेक पोस्ट बनाए गए हैं।चेक पोस्ट पर सुरक्षा बलों के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम रहेंगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि 3:00 बजे के बाद किसी भी प्रकार का नन एसेंशियल मूवमेंट नहीं हो।सभी प्रकार के बस को रोक दिया गया है, अगर कोई भी बस दिखाई देती है तो उसे जब्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाय।शादी या किसी भी प्रकार का समारोह प्रतिबंधित है।शादी घर मे अथवा कोर्ट में कर सकते हैं लेकिन इसमें अधिकतम 11 व्यक्ति ही सम्मलित हो सकते हैं और इस संबंध में 3 दिन पहले संबंधित थाना को भी इसकी सूचना दी जाय। उन्होंने कहा कि स्टेट से बाहर जाने वालों के लिए ईपास की जरूरत नहीं होगी। अगर कोई व्यक्ति जिले से गुजर कर दूसरे राज्य में जाता है तो उन्हें ई पास की आवश्यकता नहीं होगी। सभी स्कूल कॉलेज बंद हैं। कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि बच्चों को इकट्ठा कर ट्यूशन पढ़ाए जाते हैं।यह भी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। अगर कोई सूचना इस संबंध में प्राप्त होती है तो उक्त व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। कोई भी व्यक्ति इंटर स्टेट और इंट्रा स्टेट से जिले में आते हैं तो होम आइसोलेशन का मोहर लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में एक आइसोलेशन सेंटर बनाए जाए।ताकि वैसे व्यक्ति जो इंस्टीट्यूशनल आइसोलेशन सेंटर में रहना चाहता हो,वे वहाँ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम लॉकडाउन के दिशा निर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराने में सहयोग करें। सभी संबंधित थाना के थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में लॉकडाउन के दिशा निर्देशों का उल्लंघन नहीं हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी क्षेत्र भ्रमण के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई करें। थाना प्रभारी नियमों के उल्लंघन करने वालों पर डीएम एक्ट के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग होम आइसोलेशन में रह रहे हैं ऐसे लोगों का ससमय दुबारा कोविड-19 की जांच की जाय।होम आइसोलेशन किट उनतक पहुँचायी जाय। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य के लोग आकर जिले में वैक्सीन ले सकते हैं इस संबंध में सरकार द्वारा कोई निर्देश प्राप्त नहीं है इसे ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अपने जिले तथा अपने राज्य के लोगों को ही वैक्सीन लगे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पिछले 6 महीनों में किसी भी कारण से जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है उसकी सूची उपलब्ध कराएं। कहा कि कोविड-19 से जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है उनकी सूची भी तैयार कर वैसे व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। सहिया, जेएसएलपीएस के सहयोग से टोला वाइज सर्वे करायें और ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करने का कार्य किया जाए जिन्हें सर्दी खासी, बुखार हैं। ऐसे लोगों का रैपिड एंटीजन टेस्ट के माध्यम से तुरंत जांच भी की जाय। कुछ लोगों आरटीपीसीआर के माध्यम से भी जांच की जाय। रिपोर्ट के इंतजार के बिना ऐसे लोगों का सिंप्टोमेटिक ट्रीटमेंट प्रारंभ कर दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी टोला में टेस्टिंग सैंपलिंग करना है।जिससे पता चल सके कोविड-19 का संक्रमण के प्रसार का पता चल सके।उन्होंने कहा कि 18+ उम्र के लोगों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद ही वैक्सीन दिया जाए किसी भी परिस्थिति में ऑफलाइन वैक्सीनेशन नहीं दी जाए।

## कोरोना वायरस से लड़ने के लिए वैक्सीन है जरूरी : डॉ सपन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**दुमका/जरमुंडी।** कोरोना महामारी से लड़ने के लिए समाज के कई लोग जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं। दुमका जिला के जरमुंडी प्रखंड के शिक्षक डॉ सपन कुमार कोरोना महामारी में लगातार अच्छी पहल कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को कोविड-19 के नियमों को विस्तार से बता रहे हैं। साथ ही कोरोना से बचाव के उपाय के बारे में घर-घर जाकर जानकारी दे रहे है। डॉ सपन कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमर्थर के प्रधानाध्यापक हैं। विद्यालय के पोषक क्षेत्र में सपन कुमार द्वारा मास्क, सैनिटाइजर, साबुन का वितरण किया जा रहा है। साथ ही घर घर जाकर लोगों को बताया जा रहा है कि घर पर ही रहे, बहुत जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकले, 2 गज की दूरी का खयाल रखें। साफ-सफाई के लिए हमेशा अपने हाथों को साबुन से जरूर धोएं। वही 18 प्लस के लोगों को वैक्सीन के लिए भी सपन कुमार द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। सपन कुमार द्वारा जरमुंडी बाजार क्षेत्र में भी मास्क, सैनिटाइजर और साबुन का वितरण किया गया और लोगों को वैंक्सिन लेने के लिए जागरूक किया गया। जरमुंडी प्रखंड के 18प्लस वैक्सीन केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय जरमुंडी जाकर युवाओं को उन्होंने उत्साहित भी किया। गत एक वर्ष से सपन कुमार द्वारा जरूरतमंदों को लगातार मदद किया जा रहा है। विदित हो कि कोरोना महामारी के दौरान भी डॉ सपन कुमार ने अपने नए आइडिया के साथ जब देश विदेश के स्कूल कॉलेज बंद हो गया तो अपने आईडिया से गांव को ही पाठशाला बना दिया और गांव के दीवारों पर ब्लैकबोर्ड बनाकर दीवारों पर अल्फाबेट और चित्र बनाकर महीनों से पढ़ा रहे हैं। इस आइडिया की प्रशंसा देश के कई एजेंसियों ने की है। दुमका के उपायुक्त, नीति आयोग, राज्य के मुख्यमंत्री के साथ देश के प्रधानमंत्री में भी सपन कुमार की प्रशंसा की है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर में सपन कुमार द्वारा ग्रामीण और बाजार क्षेत्र में लोगों को लगातार जागरूक करने का काम कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक डॉक्टर सपन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना वैक्सीन को लेकर के लोगों में कुछ भ्रम है इसको लेकर के लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है इसलिए वे लगातार लोगों को कोरोना वैक्सीन से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को बता रहे हैं। अफवाह से बचने के बारे में बता रहे है। वैक्सीन सुरक्षित है और कोरोना से बचाव का सबसे कारगर उपाय है ।

## पश्चिम बंगाल के निवासी नहीं ले सकेंगे शिकारीपाड़ा में वैक्सीन, प्रखंड प्रशासन ने लगाई रोक

**दुमका।** शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को कुल 206 व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन दी गई, जिसमें 18 प्लस 150 एवं 45 वर्ष से ऊपर के 56 व्यक्तियों को वैक्सीन दी गई. स्थानीय लोगों द्वारा पश्चिम बंगाल के लोगों को यहां वैक्सीन लेने से रोक लगाए जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली. जिला के पदाधिकारियों को इसके लिए बधाई का पात्र माना जा रहा है क्योंकि पश्चिम बंगाल के लोग बड़ी संख्या में आकर यहां वैक्सीनेशन करा रहे थे जिसके कारण स्थानीय लोग वैक्सीन लेने से वंचित हो रहे थे.इसमें सर्वाधिक संख्या 18 प्लस थी.इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस बल को बुलाना पड़ा और स्वयं इंसिडेंट कमांडर सह अंचल अधिकारी राजू कमल एवं प्रखंड के नोडल पदाधिकारी सह जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार तांती ने वैक्सीनेशन केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा स्पष्ट शब्दों में कहा कि यहां केवल झारखंड के उसमें भी विशेषकर शिकारीपाड़ा प्रखंड के 18 प्लस आयु वर्ग के लोगों को वैक्सीन देनी है.

## मिट्टी का घर गिरने से पिता, पुत्र एवं दो पुत्री घायल



**दुमका।** मसानजोड़ थाना क्षेत्र के बांसमता गांव के चार्लीज़ मुर्मू 38 का मिट्टी का मकान धराशायी हो गया हैं। शनिवार की दोपहर मकान गिरने से चार्लीज़ उसका 9 साल का पुत्र सचिन मुर्मू, पुत्री प्रेनिका मुर्मू 7 एवं रजीना मुर्मू 3 घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार दोपहर को चार्लीज़ पुत्र सचिन एवं छोटी लड़की रजीना के साथ भोजन कर घर के दरबाजे पर बैठकर आराम कर रहा था। वही प्रेनिका खाना खाकर घर के अंदर सोयी थी। एकाएक मकान गिर जाने से प्रेनिका मिट्टी में दब गयी थी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर गंभीर रूप से घायल प्रेनिका को मिट्टी से निकाल कर जान बचायी हैं। पारसिमला पंचायत के पूर्व मुखिया सबिता टुडू ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल लड़की को इलाज हेतु दुमका के मेडिकल कालेज भेजा हैं।

## बीडीओ ने ग्रामीणों को किया टीकाकरण के लिए प्रेरित



**दुमका।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने शनिवार को आसनपहाडी पंचायत के चंद्रपुरा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर कोविड 19 की वैक्सीन लेने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को कोविड 19 का टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आप सभी केंद्रों में जाकर बिना डर भय के जरूर टीका लगवाएं। कहा कि टीका लगवाने से कोरोना वायरस से बचाव होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि अगर गांव में बाहर निकले तो सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मास्क पहनकर निकले, बिना कार्य के कोई भी बाहर ना जायें।

# डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स फॉर रूरल कोविड-19 मैनेजमेंट का किया गया गठन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



दुमका। उपायुक्त राजेश्वरी बी के निर्देश पर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स फॉर रूरल कोविड-19 मैनेजमेंट का गठन किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 संक्रमण का फैलाव तेजी से हो रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर इस महामारी के फैलाव पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स फॉर रूरल कोविड-19 मैनेजमेंट टीम में निम्नांकित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. जिसमें रजत अनुप कु. कच्छप, जिला पंचायती राज पदाधिकारी शिवमंगल तिवारी, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद अजय विल्सन, जिला समन्वयक पीएमएवाई, डीआरडीए दुमका. उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि उक्त टीम ग्राम स्तर पर कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए विभागीय दिशा निर्देशों के आलोक में समुचित कार्रवाई करेंगे। यदि किसी ग्राम में कुछ दिनों के अंतराल में अत्यधिक संख्या में संक्रमण, लक्षण, मृत्यु की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल संबंधित ग्राम का दौरा करते हुए ग्रामीणों को तत्काल कोविड-19 की जांच कराने हेतु प्रेरित करेंगे। जांच के क्रम में कोई व्यक्ति संक्रमित पाए जाने की स्थिति में कोविड-19 के प्रसार के रोकथाम हेतु कंटेनमेंट जोन, बफर जोन के तहत बैरिकेडिंग आदि करायेंगे एवं कोविड-19 सुरक्षा दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।






# वैक्सीन ही दवाई है, नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर लगवाएं वैक्सीन: डीसी



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
15 मई 2021 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में 16 मई 2021 से 27 मई 2021 तक लगाए जाने वाले स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, सभी बीडीओ, थाना प्रभारी, प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे। बैठक में उपायुत ने कहा कि 16 मई 2021 से सभी पर्सनल गाड़ी के मूवमेंट के लिए इ- पास की आवश्यकता है। किसी भी तरीके के अनावश्यक मूवमेंट पर पाबंदी रहेगी।
हालांकि ऑटो पर पाबंदी नहीं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि निजी वाहनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को ई-पास तथा वैध फोटो पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा. रेल अथवा हवाई यात्रा हेतु जाने के लिए अपने साथ वैध टिकट रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इंटर स्टेट बॉर्डर पर चेकिंग तथा कोरोना की जांच (एंटीजन टेस्ट) करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी बीडीओ तथा थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि सरकार द्वारा जारी किए गए

- **ग्रामीण क्षेत्र में कोविड-19 की जांच और रोकथाम की जरूरत उपायुक्त**
- **सरकार के निर्देशों का कड़ाई से कराएं अनुपालन, आवश्यक वस्तुओं की दुकानों पर न लगने दें भीड़: उपायुक्त**

निर्देश का कड़ाई से अनुपालन कराना आवश्यक है ताकि कोरोना के चेन को तोड़ा जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के दौरान आवश्यक वस्तुओं के दुकानों पर दुकानदार भीड़ नहीं लगने दें। दुकानों के बाहर गोलाकार चिन्ह बनाना आवश्यक है। अगर दुकान के बाहर भीड़ दिखती है तो दुकानदार खुद जिम्मेदार रहेंगे और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
वही उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्र में कोविड की जांच और रोकथाम को लेकर सभी बीडीओ तथा थाना प्रभारी को जनप्रतिनिधियों से संपर्क में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव में बहुत ज्यादा लोग संक्रमित हैं वहां के जनप्रतिनिधि से संपर्क करें तत्काल लोगों की जांच कराएं तथा उन्हें दवाइयां मौके पर ही उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने गांव के हाट बाजार में भीड़ न लगने देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को हाट बाजार का लिस्ट बनाकर प्लानिंग के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। वही वैक्सीन को लेकर उपायुक्त ने कहा कि अभी वैक्सीन ही दवाई है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लग सके इसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों की भी है। वे लोगों को नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाने हेतु जागरूक करें तथा बताएं कि वैक्सीन सुरक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि 16 मई 2021 से कोरोना के चेन को तोड़ने के लिए कड़ाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शादी तथा हाट बाजार ही कोरोना के सुपर स्प्रेडर का कार्य कर रहे हैं।
ऐसे में उनकी मॉनिटरिंग जरूरी है। उन्होंने कहा कि शादी का इंफॉर्मेशन संबंधित थाना को देना आवश्यक है। उन्होंने इस संदर्भ में सभी बीडीओ तथा थाना प्रभारी से गांव के जनप्रतिनिधि के साथ समन्वय बनाने का निर्देश दिया। इ- पास को लेकर उन्होंने कहा इंटर स्टेट तथा इंटर डिस्ट्रिक्ट बॉर्डर के चेक पोस्ट पर कड़ाई रखें। बॉर्डर चेक पोस्ट पर फोर्स का प्रॉपर डेपुटेशन रखें। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिया कि होम क्वॉरेंटाइन मे रह रहे लोगों की निरंतर मॉनिटरिंग करें। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड-19 के प्रसार को रोकने की आवश्यकता है।

## राज्य सरकार के निर्देशानुसार 14 मई से 18 से 44 आयुवर्ग के व्यक्तियों को नि:शुल्क टीका लगाया जा रहा है

- **18 से 44 वर्ष के व्यक्तियों के टीकाकरण हेतु जिले में 13 टीकाकरण केंद्र बनाये गये हैं**




(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
शनिवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त प्रेस कांफ्रेंस में स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह को लेकर जिला स्तर की गई तैयारियों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी गई। प्रेस कांफ्रेंस में उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा जारी की गई स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह की जो नई गाइडलाइन है जो 16 मई से सुबह 6:00 बजे तक से 27 मई 6:00 बजे तक प्रभावी होंगी उसके लिए आप लोगों के माध्यम से सभी पाकुड़ के नागरिकों को जानकारी देना और क्या जिला में तैयारी की गई है उसके क्रम में आप लोगों के साथ यह प्रेस कॉन्फ्रेंस को बुलाया गया है. स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह अनुपालन की तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा शत-प्रतिशत पूरी की जा चुकी है उक्त बातें उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस में प्रतिबंधित श्रेणी की दुकानें के साथ-साथ मेडिकल, पेट्रोल पंप , खाद्य सामग्री की दुकानें 2:00 बजे तक ही खुली रहेगी इसके बाद यह पूरी तरह से बंद रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि शादी को लेकर नया दिशा निर्देश आया है और इसके तहत शादी के लिए 3 दिन पूर्व अपने नजदीकी थाना में इसकी सूचना देकर आदेश लेना होगा जो लोग पहले शादी विवाह को लेकर आदेश ले ली है उन्हें भी 16 तारीख के बाद फिर से आदेश लेना है। उन्हें कहा कि नए दिशानिर्देश के तहत शादी में 11 लोग ही शामिल होंगे। वही उपायुक्त ने बताया कि नए गाइडलाइन के तहत पूर्व से जिला में बनाए गए पांच चेक पोस्ट को बढ़ाते हुए इसकी संख्या 18 किया गया है और इसका मुख्य उद्देश्य है अनावश्यक मूवमेंट पर अंकुश लगाना। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान वाहन के लिए ई-पास लेना जरूरी है। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन करवाया जाएगा उन्होंने कहा कि लॉकडाउन लगाने का मुख्य उद्देश्य है संक्रमण की चैन को तोड़ना और इसमें सभी लोगों को सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के अनुपालन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि आवश्यक सेवा में उपयोग लाए गए वाहन एंबुलेंस इत्यादि का आवागमन बेरोकटोक होगी। उपायुक्त ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि ई-पास निर्गत करने के बाबत ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ परिवहन विभाग के अधिकारी के द्वारा बैठक कर ली गई है और आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको लेकर विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन मालिक ई-पास लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने आगे 18 वर्ष से 44 वर्ष के लोगों के वैक्सीनेशन के बाबत बताया कि वैक्सीनेशन का कार्य जिला में प्रारंभ कर दिया गया है और 13 सेंटर में 18 वर्ष से 44 वर्ष के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि युवा बढ़-चढ़कर टीका लेते देखे जा रहे हैं। आने वाले समय में सेंटर और बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि 45 वर्ष के ऊपर के लोगों को टीका लगाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। वैक्सीन का पहला डोज ले चुके हैं और दूसरा डोज नहीं लिए हैं उन्हें हेल्प डेस्क के मदद से सूचित करते हुए उन्हें दूसरा डोज लेने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 2 सप्ताह में लगभग 30 हजार लोगों का कोविड-19 टेस्ट करवाया गया है कितना अधिक टेस्ट करवाने के बाद भी पॉजिटिव मरीज की संख्या में कमी देखी जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार की दिशा निर्देश के आलोक में ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद सर्वे करवाया जाएगा और इस सर्वे की सारी तैयारी पूरी हो चुकी है और इस सर्वे में हेल्प कीट के जरिए लोगों के स्वास्थ के बाबत जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बॉर्डर इलाको पर विशेष फोकस करते हुए सर्वे करवाया जाएगा। समाहरणालय कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उप विकास आयुक्त, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि व जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी दीपाली शाह, परमेन रविदास उपस्थित थे।

## युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या, यूडी कांड दर्ज

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबराजपुर गांव में एक 24 वर्षीय युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार दुबराजपुर निवासी प्रदीप भुइ माली की शादी 6 वर्ष पूर्व राजापुर निवासी निर्मल भाई माली के पुत्री शिवली भाई माली के साथ हुई थी. विगत 3 वर्षों से प्रदीप अपने ससुराल राजापुर में ही रहते थे, बीते शुक्रवार को प्रदीप का ससुराल वाले के साथ झगड़ा झंझट होने के कारण प्रदीप काफी गुस्से में आकर जहर खा लिया. जिसकी सूचना प्रदीप ने रात को अपने परिजनों को देते हुए बताया कि मुझे ले चलो. परिजन को सूचना मिलते ही मोटरसाइकिल लेकर प्रदीप को लेने राजापुर जा रहा था कि रास्ते में सोविल के निकट एक खेत में प्रदीप को गिरा हुआ देखा. जिसे उठाकर परिजनों ने आनन-फानन में उचित चिकित्सा हेतु पश्चिम बंगाल के नलहटी ले गया. जहां चिकित्सकों ने कुछ देर के पश्चात मृत घोषित कर दिया. इसकी सूचना परिजनों ने महेशपुर पुलिस को दी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रत्नेश कुमार मिश्र दल बल के साथ दुबराजपुर गांव पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया. वही जानकारी देते हुए थाना प्रभारी



रत्नेश कुमार मिश्र ने बताया की प्रदीप की शादी 6 साल पूर्व राजापुर निवासी निर्मल भाई माली के पुत्री शिवली माली के साथ हुई थी 3 वर्षों से वह राजापुर में ही रहता था, विगत झगड़ा झंझट होने के पश्चात प्रदीप ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है एवं यूडी करने में जुटी हुई है.

## कोरोना को दी मात, 191 को भेजा गया घर

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** स्वास्थ्य विभाग के अपने रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को जिले में कोरोना के 191 मरीज ने बीमारी को मात देते हुए जिंदगी की जीत हासिल की। डॉक्टर ने 14 दिनों तक होम क्वारेंटाइन में रहने का निर्देश दिया है।
आई फॉलोअप रिपोर्ट में 191 मरीज की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। जिले में वर्तमान एक्टिव मरीजों की संख्या 186 है। और अभी जांच जारी है।

## प्रखंड के पुराना एवं नये सीएचसी में सैकड़ों लोगों का कोविड-19 का जाँच किया

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।**
कोरोना वायरस के रोकथाम व इससे बचाव के को लेकर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में कोविड 19 की जांच के लिए शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी की उपस्थिति में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रह किया गया। साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब एवं एंटीजन किट व ट्रू नेट मशीन व आरटीपीसीआर के माध्यम से की गई। प्रभारी चिकित्सक ने बताया की जाँच शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वाब एवं एंटीजन के द्वारा सैम्पल लिया गया। बीडीओ निशा कुमारी सिंह ने भी अपना कोविड जाँच कराया. डॉ प्रेम कुमार मरांडी ने बताया की बीड-ीओ का एंटीजॉन किट के माध्यम से कोविड जाँच किया गया. जिसका रिपोट नेगेटिव आया हो. बीडीओ ने बताया की लोगों के मन में जो डर है उसे निकालना है इस लिए हमने अपना कोविड जाँच डॉ के उपस्थिति में कराया.

# कोरोना महामारी संकट में संयुक्त परिवार व प्रकृति बड़े औषधि: डॉ रणजीत

- **विश्व परिवार दिवस पर कार्यक्रम**

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**साहिबगंज/पाकुड़ ।**
राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शनिवार को कोविड 19 महामारी में संयुक्त परिवार का महत्व विषय पर जूम मीटिंग कर चर्चा हुई। एनएसएस नोडल पदाधिकारी डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी संकट में संयुक्त परिवार व प्रकृति बड़े औषधि हैं। लोगों को इसका महत्व समझना होगा। इंटरनेट की आभासी दुनिया के इतर एक अपनेपन और सच की दुनिया है। जिसे आज लोगों को आत्मसात करना होगा। कहा कि सभी कोविड-19 वेक्सिनेशन डोज अवश्य ले। अपने परिवार के सभी वयस्क सदस्यों का जल्द से जल्द टीकाकरण कराएं। क्योंकि कोरोना के खिलाफ जंग में आपके परिवार के पास अभी यही सबसे बड़ा हथियार है। जिन्हें मिलने में थोड़ी कठिनाई आ रही है वे घर में ही रहकर परिवार के संग पल बिताते हुए इंतजार करें। विश्व परिवार दिवस पर यही कामना है कि सभी स्वस्थ रहें और इस मुश्किल वक्त में एक दूसरे की सहायता करते रहें।
झारखंड सोशियोलॉजिकल सोसायटी के महासचिव डॉ एसके झा ने कहा कि संयुक्त परिवार का महत्व न सिर्फ भारतीय संस्कृति की निरंतरता को बनाए रखने में है, बल्कि किसी दुर्घटना या बीमारी अथवा शारीरिक या मानसिक कारणों से कार्य करने के अयोग्य होने पर भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। वर्तमान कोविड-19 के समय में संक्रमित होने पर देखभाल करने में, अंतिम संस्कार के समय जहां समाज संवेदनाशून्य और मानवताविहीन हो चुके हैं वहां संयुक्त परिवार का महत्व काफी बढ़ गया है। लाकडाउन की अवधि में स्वस्थ्य मनोरंजन के केंद्र के रूप में संयुक्त परिवार का महत्व काफी ज्यादा है। सच तो ये है कि कोविड -19के दौड़ में भाई बहनों का प्रेम, माता का वात्सल्य और अन्य सदस्यों के हास्य परिहास से सभी सदस्यों को प्राकृतिक रूप से एंटीजन उत्पन्न कर सदस्यों के इम्यून सिस्टम को मजबूत कर रहा है। रेणु गुप्ता ने कहा कि कोरोना वायरस के इस संकट ने परिवार को विशेषकर संयुक्त परिवार को एक नया आयाम दिया है। अभी दुनिया परिवार न होकर परिवार ही दुनिया हो गई है। एनएसएस वालंटियर काजल ने संयुक्त परिवार के महत्त्व को बताते हुए कहा कि कोरोना संकट में बहुत लोगो ने नौकरी रोजगार गवाया है पर उसका बड़ा सहारा परिवार ही बना।
वही डॉ मैरी सोरेन ने कहा कि परिवार में हमें मानसिक आर्थिक व भावनात्मक व अध्यात्मिक मदद होता है। दिल्ली से जुड़े संजय ठाकुर ने कहा कि व्यक्ति से परिवार परिवार से समाज व समाज से राष्ट्र बनता है। अतः परिवार के स्वस्थ रहना अनिवार्य है। कार्यक्रम में साहिबगंज महाविद्यालय के अलावे बीएसके कॉलेज बरहरवा, शिबू सोरेन जनजातीय कॉलेज बोरियो, दुमका, देवघर से एनएसएस छात्राएं, शिक्षक शिक्षिका ने अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम में विनय टुडू, प्रीति भारती, प्रीति कुमारी, मो एजाज़ अंसारी, पत्रास मुर्मू, मनु, ललन कुमार पासवान ने शिरकत की।

## पाकुड़िया पुलिस प्रशासन ने लगाया थाना गेट के पास बैरियर

- **बिना ई पास के नहीं आ जा सकेंगे यात्री**

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
पाकुड़िया थाना पुलिस ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के गाइडलाइन का शनिवार से कड़ाई से अनुपालन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली है। जानकारी के मुताबिक 16 मई से सरकार के द्वारा कोरोना की रोकथाम को लेकर कुछ विशेष सख्ती बरती जायेगी। इसके अनुपालन के लिए पाकुड़िया थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता के द्वारा पाकुड़िया थाना गेट के सामने एक बैरियर बनाया गया है। पाकुड़िया थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि दूसरे जगह से आ रहे यात्रियों को रोक कर उनसे ई पास मांगा जाएगा। ई पास नहीं मिलने पर उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम आवाम से अपील किया है कि आप जब भी वाहन से किसी दूसरे जगह से आये या घर से बाहर निकले तो ई पास बनवा कर ही निकले। उन्होंने पाकुड़िया प्रखंड के ग्रामीणों से अपील किया कि आप बेवजह घर से बाहर ना निकले। कोई विशेष आवश्यकता है तो ही घर से बाहर निकले। निकलने से पहले अपना आईडी कार्ड, आधार कार्ड या जरूरी कागजात लेकर निकले ताकि प्रखंड प्रशासन आपको सहयोग कर सकें। उन्होंने आम ग्रामीणों से अपील किया कि कोविड-19 का गाइडलाइन अनुपालन किसी ग्रामीण द्वारा नहीं करने पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी आम ग्रामीण को किसी भी तरह का परेशानी होने पर वह प्रखंड प्रशासन से सहयोग ले या सूचित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## उत्साह के साथ कोरोना का पहला वैक्सिन लिया

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए पाकुड़िया प्रखंड के लोग धीरे धीरे जागरूक हो रहे हैं। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कतार में खड़े हो कर 18 प्लस उम्र के करीब 80 युवाओं ने उत्साह के साथ कोरोना का पहला वैक्सिन लिया वहीं 45 प्लस उम्र के करीब 60 लोगो ने वैक्सीन लिया। इधर विगत कुछ दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुदूर ग्रामीण इलाकों से भी वेक्सीन लेने आने वालों की तादाद देखी जा रही है जो अपनी जुगाड़ वाहनों से आकर वेक्सीन लगवा रहे हैं। शनिवार को भी ग्रामीण इलाकों के लोगों की अच्छी खासी तादाद वेक्सीन के लिये इंतजार करते देखी गई।

## कार और डंपर की जोरदार टक्कर, बाल बाल बचे कार चालक



**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** थाना क्षेत्र के सलपतरा पुल के पास शनिवार की दोपहर को कार और डंपर की जोरदार टक्कर में चालक घायल. मिली जानकारी के अनुसार जेएच 10 एडी 4901 की कार मधुपुर से बरहरवा जा रहा था. वही विपरीत दिशा बरहेट से आ रहे डंपर संख्या बीआर 01 जीएच 9900 को कार ने डंपर को सलपतरा पुल के पास जोरदार टक्कर. जिससे कार का आगे का हिस्सा का परखचे उड़ गया. कार चालक को हल्की चोट आई है. जानकारी के अनुसार कार देवघर जिले के मधुपुर निवासी मनोज कुमार वर्मा का बताया जा रहा है. दिनेश वर्मा नाम का चालक कर चला रहा था. डंपर बरहेट निवासी निमाई सील की बताया जा रहा है. प्राप्त जानकारी ने अनुसार डंपर गिट्टी लोड करने अमड़ापाड़ा जा रहा था. घटना कि सुचना मिलते ही एएसआई टीएन राव सहित एसआई मुकुल भगत, संतोष यादव और मिथुन यादव घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक पूछताछ किया.

## जिले में 2 कोरोना संक्रमित की पुष्टि: उपायुक्त

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने शनिवार को जिले में 2 कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि की है। कोरोना संक्रमित की पुष्टि होने पर उक्त मरीजों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उचित प्रबंध किया जा रहा है. मिले नए 2 कोरोना पॉजिटिव मरीजों को मिलाकर जिले में एक्टिव कोरोना मामलों की संख्या 377 है। उपायुक्त ने जिलावासियों से आग्रह किया है कि कोरोना वायरस के संभाव्य प्रसार को रोकने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। अनावश्यक अपने घरों से बाहर ना निकलें, मास्क का प्रयोग करें, नियमित हाथों को साबुन से धोयें या सैनिटाइजर का प्रयोग करें, यत्र-तत्र न थूकें।

## आम को चुनने को लेकर दो पक्षों में खूनी भिड़ंत

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** पाकुडिया प्रखंड में आई आंधी तूफान के बाद चुनपाड़ा स्थित आम के पेड़ से गिरे आम को चुनने को लेकर शनिवार को दो पक्षों में खूनी भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों पक्षों के तीन तीन महिला पुरुष गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी मिलते ही पाकुडिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और घायल हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुडिया में भर्ती कराया। जहाँ मौजूद चिकित्सक डॉ गुणाधार मांझी ने घायलों का प्राथमिक ईलाज कर गंभीर रूप से घायल एक पक्ष के मरांग बीटी टुडू उम्र 25 वर्ष, इसकिला मरांडी 35 वर्ष जिनके सर पर चोट लगी है सहित द्वितीय पक्ष के ताला कुड़ी हेम्ब्रम 35 वर्ष, बीटी सोरेन 40 वर्ष एवं बाबुराली मुर्मू 60 वर्ष जिनके सर, हाथ एवं कंधों पर चोट लगी है को बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया । इधर इस बाबत पीड़ित के परिजनो ने बताया कि आम का पेड़ उनका है जहां उनके परिजन आंधी से गिर चुके आम को चुनने गये थे जिसपर दूसरे पक्ष के लोगों ने आम चुनने से मना करते हुए लाठी आदि से वार कर दिया जिससे यह घटना घट गई। जिससे पांच लोग घायल हो गए हैं। बहरहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट चुकी है। इस बाबत दोनों पक्षों द्वारा मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी।

## राशन मुहैया नही करने की शिकायत की

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** पाकुड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम राजदाहा निवासी माणिक टुडू ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं उपायुक्त पाकुड़ को एक शिकायती आवेदन प्रेषित कर स्थानीय डीलर द्वारा मार्च एवं अप्रैल 2021 के राशन मुहैया नही करने की शिकायत की है। उन्होंने डीलर चम्पा स्वयं सहायता समूह के विरुद्ध शिकायत किया है और दो माह का राशन नही देने की बातें बताई है। साथ ही इसपर अविलंब संज्ञान लेते हुए राशन उपलब्ध कराने की गुहार लगाया है। माणिक टुडू ने बताया कि लकडाउन में सारा काम धंधा ठप हो गया है और अब डीलर द्वारा राशन की आपूर्ति भी रोक दिया गया है इस परिस्थिति में अब पेट पालना मुश्किल हो गया है।

## जिले में 1200 लोगों को लगाया गया टीका

- **18 प्लस कुल 859 लोगों एवं 45 प्लस 341 लोगों को लगा टीका**

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 18 से 44 आयु वर्ग के लोगों के बीच कोविड-19 टीकाकरण का कार्य शुक्रवार को शुरू हुआ। जिले के सभी टीकाकरण स्थलों पर 18 प्लस एवं 45 प्लस लोगों को टीका लगाया गया। टीकाकरण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों में कुल 1200 लोगों को टीका लगाया गया। जिसमें 18 प्लस कुल 859 लोगों को एवं 45 प्लस 341 लोगों को टीका लगाया गया।



18 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड में 219, पाकुड़िया प्रखंड में 130, हिरणपुर प्रखंड में 140, अमड़ापाड़ा प्रखंड में 96, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 154 एवं महेशपुर प्रखंड में 120 लोगों को टीका लगाया गया।
45 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड के 95, पाकुड़िया प्रखंड के 80 हिरणपुर प्रखंड के 20, अमड़ापाड़ा प्रखंड के 36, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के 60 एवं महेशपुर प्रखंड के 50 लोगों को टीका दिया गया।
उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला वासियों से अपील किया है कि उनकी बाड़ी आने पर वह अवश्य टीका लगाएं। बेवजह सड़कों पर नहीं निकले। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करें। जिला प्रशासन ने टीकाकरण को लेकर सभी जरूरी तैयारी सुनिश्चित की है। आज से शुरू हुए 18 प्लस टीकाकरण जिले का सफल रहा है। कुल 859 को टीका लगाया गया है। दूसरी ओर 45 प्लस कुल 341 लोगों को भी टीका लगाया गया है।

# कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान बोकारो स्टील प्लांट की भूमिका अहम

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**बोकारो।**
बोकारो स्टील प्लांट कोविड-19 से जंग लड़ने में विभिन्न मोर्चो पर अहम भूमिका निभा रहा है तथा संक्रमण को रोकने के लिए बीएसएल द्वारा सभी क्षेत्रों में पहल किये किये हैं. बोकारो जनरल अस्पताल में कोविड कमांड और नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया है, जहाँ एक हेल्प डेस्क की सहायता से चौबीसों घंटे कोविड मरीजों को सहायता दी जा रही है. मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में कोविड ड्यूटी में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन एवं सीआईएसएफ कर्मियों के लिए 166 बेड के आइसोलेशन वार्ड तैयार किए गए हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले कोरोना मरीजों को अब तक 3000 मेडिकल किट का वितरण किया जा चुका है और आवश्यकता होने पर उनको चिकित्सकीय सुविधाएं तथा इमरजेंसी सेवा भी उपलब्ध कराई जा रही है. टेली कंसलटेन्सी के माध्यम से लगभग 130 परिवार लाभान्वित हुए हैं.

कोविड संक्रमित मरीजों के लिए ऑन लाइन सिस्टम का विकास किया है जिसके जरिये बीएसएल के कर्मी एवं उनके आश्रितों के कोरोना के इलाज के लिए दवा की बुकिंग, कोविड के लिए टेंस्टिग का समय तथा फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है इस पोर्टल के जरिये नियमित कोविड टेंस्टिग तथा समय समय पर व्यापक स्तर पर कोविड टेंस्टिग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से अब तक 4500 सैम्पल कलेक्ट किये गए है.




पूरे समय कर्मियों को कोरोना के प्रति जागरूक करने के लिए तथा वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्लांट परिसर एवं टाउनशिप में बैनर तथा होर्डिंग के माध्यम से अभियान चलाए जा रहे हैं. प्लांट परिसर एवं टाउनशिप में सेनेटाईजेशन का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है. कोरोना पर विजय पाने के लिए जरूरी वैक्सीनेशन अभियान को कार्मिक एवं प्रशासन विभाग द्वारा जिला प्रशासन की मदद से नियमित रूप से बोकारो क्लब के सिनेमा ऐरेना में चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत 45 वर्ष से ऊपर के 3500 एवं 18-45 वर्ष के 1250 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।
सभी लोगों की मदद और जागरूकता से इस मुश्किल समय से निकलने में सफलता जरूर मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड के गाइडलाइन का पालन नही करने पर मैरेज हॉल को किया गया सील



**गोमिया। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** गोमिया क्षेत्र में कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के लिए स्थानीय पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है और इसी के तहत शुक्रवार को गोमिया व स्वांग के तीन मैरेज हाल को सील कर दिया गया। जिसके तहत गोमिया बस्ती के साहू धर्मशाला, गोमिया बस्ती के डाक बंगला के बड़ा हॉल एवं स्वांग वनसी स्थित सीसीएल के सामुदायिक भवन को अनिश्चितकालीन के लिए सील कर दिया गया। इस संबंध में बीडीओ कपिल कुमार ने बताया कि कोरोना गाइडलाइन के तहत मैरेज हाल में भीड़ जुटाकर शादी विवाह समारोह का आयोजन करना अभी सख्त मना है और इसी के तहत गोमिया क्षेत्र के तीन मैरेज हॉल को फिलहाल अगले आदेश तक सील कर दिया गया है और गोमिया के आसपास के क्षेत्रों में भी मैरेज हॉलो को चिन्हित कर उसे भी सील किया जाएगा। थाना प्रभारी आशीष खाखा ने बताया कि सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन का पालन करना है और इस बारे में पुलिस भी काफी सतर्क है। उन्होंने बताया कि आज चिन्हित कर तीन मैरेज हॉल को सील किया गया है और आगे भी यह कारवाई जारी रहेगी। मौके पर एएसआई अरविंद शर्मा सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### समाजसेवी डब्लू प्रसाद नें किया लोगों से बिना जरूरत बाहर ना निकलने की अपील

- मानव और मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्मःडब्लू प्रसाद



**रामगढ़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** चितरपुर काली चौक निवासी डब्लू प्रसाद ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा है की कोरोना वायरस बीमारी बहुत ही खतरनाक है इसलिए लोग इसकी भयावता को देखते हुए सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए घर में रहे स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा की हमें किसी भी जरूरतमंद को दूध, दवा, एंबुलेंस, ऑक्सीजन की अगर आवश्यकता हो तो मैं पहुंचाने का कार्य करूंगा। साथ ही डब्लू प्रसाद ने कहा की साबुन सैनिटाइजर मास्क का प्रयोग अवश्य करें एवं डॉक्टर कोरोना वायरस बीमारी में लोगों को सेवा दे रहें हैं यह बहुत अच्छी बात है परंतु डॉक्टर बिजनेस ना बनाएं। गरीब जरूरतमंदों को हर संभव मदद करें मैं हाथ जोड़कर अपील करता हूं झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक ममता देवी जी से भी अपील करता हूं कि जरूरतमंदों को हर संभव मदद करें। कोरोना बीएड बनवाने का प्रयास करें ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन उपलब्ध कराएं और जरूरतमंदों के लिए खाद सामग्री की व्यवस्था दी जाए।

### खास वर्ग के लोगो को खुश करने के लिए हिंदुओ का शोषण किया जा रहा है : सिसोदिया



**रामगढ़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ शांतिदूत कौम को खुश करने का काम कर रही है और हिंदुओ को सताने का काम कर रही है। हेमन्त सरकार द्वारा जारी किया गया नया निर्देश कोरोना काल मे यह साफ दर्शाता है। दूसरे समुदाय के लोगो के लिए विवाह भले ही 11 लोग के शामिल होने से हो जाए पर यह हिन्दुओ में सम्भव नही है। सनातन धर्म के ब्रम्हा विवाह में जितने विध और नियम है और इसे करने में जितने लोगो की आवश्यकता होती है उससे कम लोगो को विवाह में सम्मिलित होने का आदेश देना यह दर्शाता है कि की खास वर्ग के लोगो को खुश करने के लिए हिंदुओ का शोषण किया जा रहा है इससे अच्छा हेमन्त सोरेन यह साफ साफ कह दे कि हिन्दुओ को शादी करने की मनाही है बाकी सभी समुदायों के लोगो को अनुमति है। हेमन्त सरकार जल्द अपना यह निर्णय बदले।

### पंखुड़ी के निधन से पत्रकारिता जगत ने एक युवा पत्रकार खो दिया : निसार खान

**हजारीबाग । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** हजारीबाग, झारखंड की युवा पत्रकार पंखुड़ी सिंह के आकस्मिक निधन पर सर्वधर्म मानवता मंच ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष निसार खान ने अपना शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पंखुड़ी सिंह के निधन से पत्रकारिता जगत ने एक युवा पत्रकार खो दिया है। हंसमुख, शांत स्वभाव, मृदुभाषी और उनमे एक आदर्श पत्रकार होने के सारे गुण प्रयाप्त थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत की बड़ी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और इस कठीन घड़ी मे उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करे।

### एसडीओ ने अस्पताल का किया निरीक्षण, कर्मियों को दिये आवश्यक निर्देश

**मधुपुर।** अनुमंडल अस्पताल मधुपुर में पड़ रहे कोविड वैक्सीन की वस्तुस्थिति जानने के लिये अनुमंडल पदाधिकारी योगेंद्र प्रसाद, एसडीपीओ बिनोद रवानी, कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ने संयुक्त रूप से अस्पताल पहुँच कर वहाँ की स्थिति को जाना तथा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अस्पताल के उपाधीक्षक मो शाहिद में मौजूद थे।एसडीओ योगेंद्र प्रसाद ने अस्पताल के कर्मियों को वैक्सीन लेने वालों को किस प्रकार की आवश्यक जानकारी, सभी को मास्क और समाजिक दूरी का जरूर से पालन करने, 18 से 44 साल के लोगों के लिये और 45 से ऊपर के लिये अलग से लाईन लगवाने की बात कही। वही उपाधीक्षक मो शाहिद ने भी वैक्सीन के समय आने वाले समस्याओं को अनुमंडल पदाधिकारी को बताया। मौके पर मधुपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार मल्लिक मोजुद थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त को सौंपा एक हजार कोविड टेस्टींग कीट



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।**
कोरोनावायरस संक्रमण को देखते हुए कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने पहल करते हुए 1000 पीस कोविड 19 टेंस्टिग कीट उपायुक्त गिरिडीह को उपलब्ध कराई है।
इस एक हजार टेंस्टिग कीट को कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे और भाजपा नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा ने उपायुक्त गिरिडीह को सौंप दिया है।
जांच किट सौंपने के बाद सांसद प्रतिनिधि और भाजपा जिला अध्यक्ष तथा नगर अध्यक्ष ने कोरोनावायरस के प्रकोप के विषय में चर्चा किए और एंबुलेंस की समस्या को लेकर विस्तृत जानकारी लिए साथ ही उन्होंने उपायुक्त को आश्वासन दिया कि यदि आगे भी और आवश्यकता होगी तो सूचना देने पर जांच किट उपलब्ध कराने का भरसक प्रयास किया जाएगा। कोविड-19 जांच कीट उपायुक्त को सौंपने के बाद सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमें यह मौका दिया गया और हमारी बातचीत उपायुक्त से हुई है सांसद महोदय से भी हुई है उन्होंने कहा है कि यदि आगे भी आवश्यकता होगी तो और भी किट उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य कार्यक्रम भी किए जाएंगे अभी उसकी पूरी जानकारी नहीं दी जा रही है समय आने पर पूरी जानकारी आप लोगों को उपलब्ध करा दी जाएगी।
साथियों ने कहा कि इस कोरोना काल में बहुत ही दुखद घड़ी देखने को मिल रहा है और हमारा लोगों से विनम्र निवेदन है कि घरों से बाहर अनावश्यक ना निकलें, लॉकडाउन का पालन करें। मास्क का उपयोग अवश्य करें और घर पर रहकर खुद भी सुरक्षित रहें और अपने परिवार को भी सुरक्षा प्रदान करें।

## सीएसआर के तहत जेएसपीएल पतरातु ने जिला प्रशासन रामगढ़ को उपलब्ध कराया 100 पल्स ऑक्सीमीटर

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**रामगढ़।**
कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए एवं इसके रोकथाम हेतु पतरातू प्रखंड स्थित जेएसपीएल पतरातू द्वारा सीएसआर के तहत शनिवार को जिला प्रशासन रामगढ़ को 100 पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध कराया गया।इस संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता डॉ मोहम्मद आबिद हुसैन द्वारा बताया गया की जेएसपीएल पतरातु द्वारा प्राप्त सभी पल्स ऑक्सीमीटर को सिविल सर्जन रामगढ़ के निर्देशानुसार जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु उपयोग किया जाएगा।

## सीआरपीएफ जवान समेत नये 9 कोरोना पोजेटिव तिसरी में मिला

- 18 से 44 वर्ष के 83 युवा युवती को पड़ा टिका

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**तिसरी/गिरिडीह ।**
तिसरी प्रखण्ड में 7 सीआरपीएफ जवान समेत 9 कोरोना पोजेटिव के नये मरीज पाये गये हैं। जिसमें तिसरी प्रखण्ड अन्तर्गत बेलवाना पंचायत के कोदाई बांक गांव की एक महिला और एक पुरुष और तिसरी मुख्यालय गम्हरियाटांड़ सीआरपीएफ के 2 जवान और मनसाडीह पंचायत के तिसरो पिकेट से 5 सीआरपीएफ के जवान संक्रमित मिले हैं।
राजकीय अस्पताल तिसरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ देवब्रत कुमार ने बताया ऐंटीपीसीआर जांच रिपोर्ट में 9 नये कोरोना पोजेटिव पाये गये हैं। सभी संक्रमित से सम्पर्क स्थापित किया गया है सबों की स्थिति सामान्य है। सभी को होंम कोरेन्टीन में रहने की सलाह दी गई तथा समय पर दवाई ताजा भोजन, गर्म पानी लेने को कहा गया है । किसी भी प्रकार की परेशानी पढ़ने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करने की सलाह दी गई है ।
साथ ही जानकारी देते हुए डॉ देवव्रत कुमार ने कहा 18 से 44 वर्ष उम्र के 83 युवा युवती को तिसरी मुख्यालय स्थित पुराने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन में टिका दिया गया। टीकाकरण कार्यक्रम में भेक्सिनेटर दीपति तिग्गा, मिथलेश पांडेय यूनिसेफ कार्यकर्ता, प्रवीण कुमार डेटा मैनेजर, रितेश कुमार बाम ने सहयोग किया।

## पूर्व विधायक ने किया धनवार रेफरल हॉस्पिटल का निरीक्षण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**गिरिडीह ।**
धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव नें धनवार रेफरल हॉस्पिटल का निरीक्षण कर जिला उपायुक्त से की कोविड - 19 सेंटर बनाने, डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने एवं ऑक्सीजन पूर्ति करने की मांग' पूर्व विधायक नें कहा कि आज इस क्षेत्र की आबादी लगभग 4.5 लाख पार है लेकिन इतनी बड़ी आबादी होने पर भी कूल डॉक्टरों की संख्या मात्र 02 है,बेड की भारी कमी, ऑक्सीजन पाइप की कमी, इन तमाम तरह के जितने भी संसाधनों की जो कमी है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाय' उपरोक्त चीजों की अभाव यह धनवार विधानसभा वासियों के लिए अत्यंत दुःख और दुर्भाग्य की बात है' मैं जिला उपायुक्त महोदय से मांग करता हूँ की उपरोक्त मांगो को ध्यान में रखते हुवे इस पर खरा उतरने का काम करें नहीं तो भाकपा माले चुप नहीं बैठेगी. पूर्व विधायक नें कहा कि इस हालत में कोई भी गरीब, मजदूर का मौत ऑक्सीजन एवं दवा के अभाव में ना हो. आम जनता इलाज के अभाव में मर रही है, निजी अस्पताल गरीबों का दोहन कर रहे हैं और स्थानीय विधायक रांची में दुबके हुये हैं, उन्हें धनवार जनता की जान माल से कोई लेना देना नहीं है ' स्थानीय विधायक के द्वारा जो कोविड -19 से बचाव के लिए जो सहयोग राशि दिया गया था, ओ राशि आज कहां है ? गांवा, तिसरी एवं धनवार की जनता आज ऑक्सीजन, दवा, बेड एवं वेंटीलेटर के लिए तरस रही है' ज़ब से इस क्षेत्र के विधायक बाबूलाल बनें है तब से इस क्षेत्र का स्थिति जर्जर हो चुकी है, चाहे वो ब्लॉक हो, थाना हो या हॉस्पिटल हो चारों तरफ का हालत आज नाजुक हो चुकी है. क्योंकि स्थानीय विधायक का वादा सिर्फ कागजों तक ही समिति रह जाती है.

## भाकपा माले ने कोविड मरीजों के बीच बांटा फल और ब्रेड

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**गिरिडीह ।**
बरहमोरिया स्थित कोविड ट्रीटमेंट सेंटर के मरीजों के घटिया भोजन को लेकर लगातार मिल रही सूचनाओं के बीच आज भाकपा माले ने वहां का जायजा लिया सरकार से तत्काल वहां की व्यवस्था और खासकर मरीजों के लिए भोजन की क्वालिटी में सुधार करने की मांग की। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश कुमार यादव तथा गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने आज वहां डयूटी में मौजूद प्रतिनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सक एवं सफाई कर्मियों आदि से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।माले की टीम ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद वहां ड्यूटी करने वाले सभी कर्मी पूरी मुस्तैदी से लगे हुए हैं। भोजन को लेकर 100 प्रति मरीज आवंटन की बात का पता चलने पर उन्होंने कहा कि इतनी कम राशि में तो स्वस्थ लोगों के लिए भी 3 टाइम का सामान्य भोजन उपलब्ध कराना मुनासिब नहीं, फिर कोविड मरीजों के लिए पौष्टिक एवं प्रोटीन युक्त भोजन कहां से उपलब्ध होगा.? इस अवसर पर माले की टीम की ओर से कोविड मरीजों के बीच फल और ब्रेड का भी वितरण किया गया।उन्होंने झारखंड सरकार से तत्काल कोविड मरीजों के भोजन के लिए कम-से-कम 400 प्रति मरीज प्रति दिन की व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने जिला प्रशासन से भी फौरी तौर पर कुछ-ना-कुछ व्यवस्था कर भोजन की क्वालिटी में सुधार करने का आग्रह किया। माले की टीम की ओर से कहा गया कि स्वास्थ्य कर्मियों को 12-12 घंटे शिफ्ट में काम करना पड़ रहा है, यह भी सोचने की बात है। इसके अलावा वहां तैनात सफाई कर्मियों को आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा काफी कम मानदेय पर काम करवाया जा रहा है। यही नहीं उनके रिस्की वर्क के लिए उन्हें निम्नतम संसाधन भी नहीं दिए गए हैं। सरकार तथा जिला प्रशासन को इसे भी संज्ञान में लेना चाहिए। हम वहां काम करने वाले सफाई कर्मियों का मानदेय तुरंत बढ़ाकर पर्याप्त करने एवं उन्हें हर जरूरी साधन उपलब्ध कराने की मांग करते हैं। माले नेताओं ने कहा कि, यहां भर्ती मरीजों के लिए उनके संगठन की ओर से यथासंभव पौष्टिक आहार की व्यवस्था करने की कोशिश जारी रहेगी। इसके लिए उन्होंने गिरिडीह में सक्रिय सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग करने की अपील की।

## कोरोना वैक्सीन के प्रति लोगों के जागृति को लेकर भारती बगड़िया ने गाई गीत

- आओ कोरोना को दूर,भगाए जल्दी से वैक्सीन लगाए
- कोरोना काल में भारती बगड़िया की हो रही सराहना



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**रामगढ़।**
रामगढ़ की बेटी भारती बगड़िया जो नवी क्लास की छात्रा है कोरोना की वैक्सीन की जागृति को लेकर एक गीत गाई है। गीत के बोल हैं आओ कोरोना को दूर भगाएं जल्दी से जाकर वैक्सीन लगाएं। जिसकी सोशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हुई एवं कई चैनल ने इसे प्रसारित किया। इस गीत में कहा गया है कि भैया आप वैक्सिन जरूर लें ताकि आप स्वस्थ रहें और कोरोना से मुक्त रहें। हम लोग अपने अनुशासन एवं आत्मिक जागरण से ही कोरोना मुक्त हो सकते हैं। गीत में बेवजह बाहर ना निकलने की बात कही गई है। पिछले वर्ष भी भारतीय बगड़िया ने कोरोना का गीत गाई थी जिसकी सब जगह खूब प्रशंसा हुई थी। गीत के बोल भारती के दादा कमल बगड़िया ने लिखे एवं गीत के स्वरों को संजोया है चिंटू मिश्रा, निशा ऑडियो, कैमरा राजेश बनारसी एवं एडिट किया है दीपक रे ने।

झारखण्ड देखो
Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

# टीकाकरण केंद्र में आम लोगों से किया वैक्सीन लेने का अपील

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)





**दुमका।** रेड क्रॉस भवन दुमका स्थित कोविड-19 टीकाकरण केंद्र में लगातार दूसरे दिन टीकाकरण हुआ। टीकाकरण में युवाओं में काफी जोश देखने को मिला। कुछ 200 रजिस्ट्रेशन के एवज में कुल 187 लोगों ने उपस्थित होकर वैक्सीन लिया। वैक्सीन लेने वालों में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव सह राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव सहित 187 लोगों ने रेड क्रॉस भवन में कोविड-19 का वैक्सीन लिया। अमरेंद्र यादव ने बताया कि वैक्सीन लेना एक सुखद अनुभूति है। वैक्सीन लेने से मानसिक रूप से काफी शांति और सुकून महसूस होता है। उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर के युवाओं एवं बुजुर्गों से निश्चित रूप से वैक्सीन लेने का अपील किया। उन्होंने कहा कि विपदा के समय वैक्सीन लेने से बहुत हद तक आप कोविड-19 से सुरक्षित हो जाते हैं। वैक्सिग लेने के बाद भी लोगों को निश्चित रूप से मास्क पहनना, सैनिटाइजर का प्रयोग एवं सोशल डिस्टेंस का पालन अवश्य करना चाहिए. वंही समाज सेविका माया कुमारी ने वैक्सीन लेने के बाद कहा की वैक्सीन लेना बेहद जरुरी है. समय निकाल कर वैक्सीन जरूर ले. वंही रानीश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को अठारह प्लस के टीकाकरण में लोगो की अपार भीड़ उमड़ी। बिलकांदी गांव के लोगों ने यहां शिविर में आकर वैक्सीन लिया हैं। मोनिका बनर्जी उम्र 19 बीरभूम जिला के सिउड़ी स्थित आर टी गार्ल्स स्कूल की छात्रा ने यहा वैक्सीन कि पहला डोज लिया हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रियंका खेस ने वैक्सीन दी हैं। मोनिका की माता छन्दा बनर्जी ने भी टीका लगाया है. वंही रेड क्रॉस सोसाइटी दुमका, जामा ब्लाक दुमका, नोनीहथवारी स्वास्थ्य उपकेंद्र जामा में वैक्सीनेशन कार्य में स्वयंसेवक सहयोग कर रहे हैं। दुमका जिला के निफा के युवा समन्वय सुमंत कुमार स्वयं ने कोविड-19 का पहला डोज लगाया एवं दूसरों को भी वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सह सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने कहा कि कोविड-19 महामारी में लगातार अपने स्वयंसेवक के साथ दुमका एवं जामा सेवा दे रहे हैं। साथ ही जिला प्रशासन लगातार वैक्सीनेशन एवं जागरुकता अभियान में सहयोग कर रहे हैं इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी, कोविड 19 पदाधिकारी डॉ रमेश वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर राजीव कुमार, एनम, आंगनबाड़ी सेविका, भाग्यश्री शर्मा,सुमन बराट, सुमित भंडारी, दीपक राय, रमेश मंडल, राहुल कुमार, अभिषेक रंजन, लगातार कोरोना योद्धा के रूप में काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल में दिनांक 16.05.21 से 30.05.21 तक लॉकडाउन, दक्षिण पूर्व रेलवे ने रद्द किया सभी लोकल ट्रेनें

**चास।** आद्रा, 15.05.21: ज्ञात हो कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के दिशानिर्देशों पर सभी उपनगरीय लोकल ट्रेनों को पहले ही रद्द कर दिया था। दिनांक 15.05.21 को प्रसारित पश्चिम बंगाल राज्य सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार, दक्षिण पूर्व रेलवे पश्चिम बंगाल मे चलने वाली गैर - उपनगरीय लोकल ट्रेनों को भी 16.05.21 से रद्द करने की घोषणा करती है। ट्रेन संख्या 68045/68046 ( आद्रा - आसनसोल - आद्रा ) लोकल, 68090/68089 (आद्रा - मिदनापुर - आद्रा ) लोकल, 68151/68152 ( बांकुड़ा - मसाग्राम - बांकुड़ा ) लोकल एवं 68153/68154 (बांकुड़ा - मसाग्राम - बांकुड़ा ) लोकल ट्रेनों को दिनांक 16.05.21 से 30.05.21 तक रद्द किया गया है।

### एसडीओ ने क्यू कॉम्प्लेक्स में वैक्सीनेशन प्रारंभ करने की तैयारी को ले अधिकारियों को दिये निर्देश

- **वैक्सीनेशन सेंटर में मेडिकल कचरा, साफ-सफाई और सेनेटाइजेशन का रखें विशेष ध्यान : एसडीओ**



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार शनिवार 15 मई को एसडीओ दिनेश कुमार यादव ने क्यू कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर 18 से 44 आयु वर्ग के लोगों के वैक्सीनेशन को लेकर बनाये जा रहे सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में नए सदर अस्पताल एवं पुराने सदर अस्पताल में वैक्सीनेशन हेतु लोगों की लम्बी कतार लग रही है, जिससे कोविड नियमों के पालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है एवं लोगों को भी कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कोविड नियमों के शत- प्रतिशत अनुपालन व लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगामी 17 मई से कोविंग वेबपोर्टल अपना निबंधन करा चुके लोगों को जिला प्रशासन द्वारा क्यू काम्प्लेक्स को 18 से 44 आयु वर्ग के लोगों के वैक्सीनेशन हेतु वैक्सीनेशन सेंटर के रूप में चिन्हित किया गया है, ताकि सामजिक दूरी व आवशयक नियमों का पालन करते हुए लोगों का यहाँ वैक्सीनेशन कराया जा सके।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा क्यू कॉम्प्लेक्स के वैक्सीनेशन सेंटर बनाये जाने हेतु की जाने वाली सभी आवशयक तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ हीं उनके द्वारा वहाँ उपलब्ध संसाधनों को और भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने ने स्वास्थ्य विभाग की टीम व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर में मरीजों की संख्या बहुत तेजी से वृद्धि हो रही है। ऐसे में आवशयक है कि अधिक से अधिक सावधानी बरती जाय। वैक्सीनेशन के लिए लोगों को कतारबद्ध करने हेतु रूट लाइन निर्धारित करते हुए प्रत्येक 6 ×फीट की दूरी पर गोला बनाया जाए एवं उसी अनुसार लोगों को कतारबद्ध करना सुनिश्चित किया जाए। साथ हीं वैक्सीनेशन के दरम्यान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि कोविड नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो एवं यहाँ आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी आवशयक व्यवस्थाएं अभी से हीं दुरुस्त कर लें। इसके अलावा क्यू कॉम्प्लेक्स वैक्सीनेशन सेंटर में मेडिकल कचरा निस्तारण, साफ-सफाई, सेनेटाइजेशन, पेयजल व्यवस्था आदि का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

### नगर निगम चला रही है विशेष नाला सफाई अभियान

**देवघर।** नगर निगम के द्वारा विशेष नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अभियान के तहत शहर के बड़े नाले जैसे जमुना जोर पुल, नाला हरिहर बाड़ी नाला, छत्तीसी से हदहदीया पुल, जटाहर बाबा होते हुए डढ़वा नदी तक का ब्लॉक बड़ा नाला लक्ष्मीपुर का बड़ा नाला सफाई पूर्ण कर ली गई है। मेन रोड अवस्थित सभी छोटे नालों की सफाई 90% पूर्ण कर ली गई है। बचे 5% नाले की सफाई शुक्रवार तक करा लिया जाएगा। महोदय द्वारा निर्देश दिया गया है कि सुभान आलू की सफाई के उपरांत का छिड़काव किया जाएगा एवं संध्या काल में फॉगिंग कराया जाएगा। फॉकिंग हेतु पंद्रह मई से लेकर 1 जून तक सूची निर्गत करा दी गई है रविवार आज 16 मई को शमशान की विशेष सफाई का आदेश एमएसडब्ल्यूएम की टीम को नगर आयुक्त द्वारा दिया गया। शहर के अधिकांश क्षेत्र की सफाई रखने को लेकर नगर निगम आयुक्त शैलेंद्र लाल ने अपने सफाई कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 कोरोना संक्रमण को देखते हुए शहरी क्षेत्र को स्वच्छ रखना है । इस दौरान सफाई कर्मियों ने नगर निगम के अधिकारियों के समक्ष विशेष सफाई अभियान चलाया गया । सफाई कर्मियों ने टावर चौक के समीप यात्रिक होटल , बसेरा इन से लेकर राय एंड कंपनी तक के क्षेत्र की नाली को सफाई किया गया साथ ही देवघर दुमका रोड के समीप बैद्यनाथ संगीतालय के आसपास क्षेत्र की नाले को भी विशेष तौर पर सफाई किया गया । दुसरी टीम सफाई कर्मियों ने लक्ष्मी मार्केट, वार्ड नंबर 19, एमआरटी गली, बजरंग अखाड़ा गली, वार्ड नंबर 7 सिंघवा में, कस्तूरबा स्कूल, बस स्टैंड के आसपास क्षेत्रों को जेसीबी मशीन से सफाई कराया गया । इस दौरान नगर आयुक्त शैलेंद्र लाल ने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण कर विशेष सफाई अभियान का जायजा लिया ।साथ ही स्थानीय लोगों से वार्ता कर समस्या भी सुनी एवं समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसमें कुछ दिन पहले हरिहर बाड़ी क्षेत्र में जलजमाव नाले की सफाई का जायजा लिया संबंधित अधिकारियों को विशेष सफाई को ध्यान देने के लिए आवशयक निर्देश दिए। विशेष सफाई अभियान के दौरान नगर प्रबंधक मृणाल कुमार झा, सतीश कुमार दास, अजय पंडित, वैदेही शरण, मुकुल कुमार जयशंकर सा कन्हैया कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### किसानों की हित के लिए भी सोचे सरकार : रूपेश

**देवघर।** किसानों की हित के लिए भी सोचे सरकार उक्त बातें छात्र नेता सह जनसेवक रूपेश सिंह ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि लगातार एक वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी कोरोना महामारी से छुटकारा नहीं मिल रहा है। जिससे किसान परिवार कठिन परिस्थिति से जीवन यापन कर रहा है। चार महीने बीत जाने के बाद भी सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसान पैसे के लिए सरकार का मुंह ताक रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को पैसे की सख्त जरूरत है।किसानों को आश्वस्त किया था कि सरकारी प्रावधान के तहत धान बेचने के 48 घंटे के भीतर उनके खाते में आधी राशि आ जाएगी। जबकि 30 दिनों के भीतर पूरा पैसा उन्हें मिल जाएगा।

## कोविड-19 : एक माह में संक्रमण ने ली 251 की जान

**हजारीबाग।**

विगत वर्ष कोरोना वायरस ने जब देश में अपना कहर बरपाया था, तब इस पर अंकुश लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के कारण इस पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर ने पूरे देश में तांडव मचा रखा है। इस महामारी की रफ्तार है कि थमने का नाम ही नहीं ले रही है। बड़ी संख्या में लोग कोरोना से संक्रमित हो रहे है। हर दिन काफी संख्या में संक्रमित मरीजों की मौत हो रही है.

महामारी की चपेट में बड़े-बुजुर्गे के साथ ही जवान एवं बच्चे भी तेजी से आ रहे हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी बाजार-हाट की स्थिति को देखें, तो अभी भी अधिकांश लोगों में कोरोना को लेकर जागरूकता का अभाव है। लोग पूरी तरह से कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि कोविड संक्रमितों का आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इधर संक्रमितों की मौत का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है.बताते चलें कि पिछले साल कोरोना की पहली लहर के दौरान चार माह से भी अधिक समय में मात्र 38 संक्रमितों की मौत हुई थी, जबकि दूसरी लहर में मात्र एक माह में ही 250 से अधिक लोगों की मौत इसका महामारी की भयावहता का ज्वलंत प्रमाण है। गौरतलब है कि इस बार पहले की अपेक्षा कोरोना वायरस कैलिफोर्निया के वायरस के साथ म्यूटेट होकर अधिक संक्रामक एवं घातक हो चुका है। कोरोना की पहली लहर में हजरीबाग जिले में संक्रमितों का आंकड़ा 38 पर थम गया था, लेकिन दूसरी लहर ने ऐसा कहर बरपाया कि मात्र 30 दिनों के अंदर ही 251 संक्रमितों की मौत के साथ मौत के आंकड़ा उछलकर 279 पर पहुंच गया। जिला आइडीएसपी विभाग के मुताबिक होली के त्योहार तक सब कुछ सामान्य था। लोग कोरोना को भूलने लगे थे, लेकिन विगत 12 मई से प्रारंभ हुए संक्रमितों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कोरोना संक्रमितों के बढ़ते आंकड़े को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सरकारी एवं निजी अस्पतालों को कोविड स्पेशल अस्पताल में तब्दील किया जा रहा है, लेकिन उतनी ही तेजी के साथ मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। हालात यह है कि अस्पताल में भर्ती होने के कुछ घंटों या दिन के बाद ही संक्रमित दम तोड़ रहे हैं। ऐसे में जब तक टीकाकरण अभियान पूरा नहीं हो जाता है, तब तक कोविड गाइडलाइन का पूर्णतया पालन कर ही इस महामारी से सुरक्षित रहा जा सकता है। हालांकि सूबे की सरकार ने कोरोना संक्रमण के चेन को तोड़ने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह की घोषणा करने के बाद लॉकडाउन का विस्तार करते हुए इसे और भी सख्ती से लागू कर दिया है।

## वैक्सीन लेने को लेकर उत्साहित दिखे युवा

**हजारीबाग।**

जिले में 18 वालों का वैक्सीनेशन का शुभारंभ शुक्रवार से किया गया। वैक्सीनेशन को लेकर युवाओं में गजब का उत्साह दिख रहा था। शहर से लेकर गांव तक के वैक्सीनेशन सेंटरों पर भीड़ नजर आ रही थी। वहीं सेंटर पहुंचने वाले लोग जल्द से जल्द अपना वैक्सीनेशन कराने के लिए आतुर दिखे। हालांकि सर्वर में खराबी एवं कुछ तकनीकी कारणों से वैक्सीनेशन कभी कभार बाधित हुआ , फिर भी 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया। शहरी क्षेत्र में चार केंद्रों पर 303 लोगों को मिला वैक्सीन.जिला आरसीएच पदाधिकारी डा. एस के कांत ने बताया कि 18 वालों का वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के चार सेटरों पर कुल 303 लोगों को वैक्सीन मिला। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखंडवार दो-दो वैक्सीनेशन सेंटरों पर भी अच्छी खासी वैक्सीनेशन हुई। इस क्रम में बरही में 18, बडकागांव में 127, विष्णुगढ में 130, चौपारण में 147, चुरचू में 166, इचाक में 162, कटकमसांडी में 139 और केरेडारी में 186 लोगों ने वैक्सीन लिया।

## फर्जी माओवादी बनकर रंगदारी मांगनेवाला गिरफ्तार

**देवघर।** पुलिस अधीक्षक देवघर अश्विनी कुमार सिन्हा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर 24 तारीख को पुलिस उपाधीक्षक पदाधिकारी सदर देवघर के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा रिखिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नावाडीह में छापामारी कर सोमेश्वर

यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त सोमेश्वर यादव द्वारा बताया गया की वादी का कंट्रक्शन का काम था। जिसमें आनंदी यादव मुंशी का काम करते थे। किंतु काम खत्म होने के बाद चला गया। पुनः वादी द्वारा बेकरी का सेट बनवा रहे थे तो अभियुक्त आनंदी यादव मुंशी का काम मांग किए, किंतु वादी द्वारा इनको काम नहीं दिए जाने के कारण विवाद हुआ। जिसके बाद से आनंदी यादव वादी से बदला लेने के फिराक में थे। इसी बीच योजनाबद्ध तरीके से एक माओवादी के नाम पर फर्जी पंपलेट छपवा ए तथा आनंदी यादव के साला सोमेश्वर यादव ने एक टीम जिसका नंबर मोबाइल नंबर 84 04 84 4680 था को कहीं गिरा हुआ पाया। जिससे इनको लगा कि इस नंबर से धमकी वाली फोन करने पर पुलिस मुझे नहीं पकड़ सकती है। जिस पर अंकित मोबाइल नंबर के आधार पर छानबीन के क्रम में स्पष्ट हुआ कि उस मोबाइल नंबर का धारा गौरी शंकर महतो की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। गौरी शंकर महतो का मोबाइल एवं सिम का उपयोग कर सोमेश्वर यादव एवं उसके जीजा आनंदी यादव के द्वारा मोबाइल कर एवं फर्जी माओवादी पंपलेट के द्वारा 1000000 का मांग किया गया था गिरफ्तार युवक सोमेश्वर यादव रिखिया का है।

## कोरोना से बचाव के लिए भाजपा नेता ने सेनिटाइजर और मास्क का वितरण किया

**जैनामोड़ ।**

भाजपा नेता के द्वारा शनिवार को जरीडीह प्रखंड के गायछंदा गांव के वोरवाकोचा टोला में लगों के बीच कोरोना महामारी के प्रोकोप को देखते हुए मास्क व सेनिटाइजर का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किसान निधि योजना के तहत सिधे किसानों के खाते में पैसा भेजने वाली संदेशों से अवगत कराया और कहा कि वैश्विक महामारी कोरोनावायरस से बचने के लिए सामाजिक दूरीयां बना कर रखना होगा। मास्क को अनिवार्य रूप से पहने और हाथों को समय-समय पर साबुन से धोते रहें। मौके पर भाजपा जरीडीह प्रखंड मंत्री मेघनाथ को साईं, आनंद सोरेन, मिथिलेश कुमार महतो, सिंधु मरांडी आदि लोग मौजूद थे।



## हाथी के आतंक से खौफ व दहशत में कटी लोगों की रातें

**दुमका**



शहर में बीती रात आतंक मचानेवाले झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी को शनिवार को मसलिया के जंगलों की ओर खदेड़ दिया गया। बीती रात शहर में घूम रहे जंगली हाथी ने सेल्फी ले रहे एक युवक विशाल सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। विशाल को बेहतर इलाज के लिए बंगाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर जंगली हाथी को जिले से सटे जामताड़ा जिले के जंगलों की ओर खदेड़ने की योजना है। इसके लिए शनिवार की शाम क्यूआरटी की टीम को रवाना कर दिया गया है। क्यूआरटी की दो टीम जंगली हाथी को खदेड़ने में जुट गयी है। इस बाबत आज देर शाम वन विभाग की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा ने लोगों से सावधान और सतर्क रहने के साथ ही हाथी से दूर रहने की अपील की है। डीएफओ श्री चंद्रा ने कहा कि काठीकुंड से होते हुए जंगली हाथी शुक्रवार को शहर से दूर फिटकोरिया के एक पहाड़ में शरण लिए हुए था और उम्मीद लगायी जा रही थी कि हाथी रानेश्वर के जंगलों की ओर निकल जायेगा। शाम में हाथी जब उस ओर बढ़ा तभी आसपास के ग्रामीणों के हो-हल्ला से उसने अपना मार्ग बदल लिया और शहर की ओर चल पड़ा। बीती रात करीब 11 बजे हाथी शहर में प्रवेश किया और शहर के कई इलाकों में घूमता रहा। शहर में जंगली हाथी के प्रवेश से लोग खौफजदा थे। हाथी के पीछे लोगों की भीड़ थी जो लोगों को आगाह भी कर रही थी लेकिन कई लोग असावधानी भी बरत रहे थे जिसकी वजह से लगातार खतरा बना हुआ था। इस बीच हाथी के साथ सेल्फी लेने के प्रयास में एक युवक विशाल सिंह को गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर में हाथी के गतिविधि व आतंक की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम के साथ डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार और नगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और लोगो को हाथी के नजदीक जाने से रोकने का प्रयास करती रही। बता दे कि बीते 26 व 27 दिसम्बर 2016 को भी झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी शहर में प्रवेश कर गया था लेकिन उस वक्त वह हाथी शहर के इतने इलाकों में नहीं घूमा था। शनिवार को अहले सुबह तक हाथी को मसलिया के जंगल की ओर भगा दिया गया। इधर डीएफओ सौरभ चंद्रा ने कहा कि झुंड से बिछड़ा यह हाथी पिछले एक महीने से संताल परगना के अलग अलग क्षेत्र में कहर बरपा रहा है और एक महीने के दौरान 3 लोगों को मार भी चुका है।

## मूवी रिव्यू

# राधे योअर मोस्ट वांटेड भाई




सलमान खान ने ईद पर अपने फैंस को नई फिल्म देने का वादा निभाया, भले ही कोविड-19 के कारण उन्हें अपनी यह फिल्म हाइब्रिड रिलीज करना पड़ी। पिछले कई वर्षों से सलमान खान अपने फैंस की पसंद के अनुरूप फिल्में बनवा रहे हैं। इन फिल्मों में उसी तरह के सीन रचे जाते हैं जिसको देख सिनेमाहॉल में तालियां और सीटियां बजती हैं। सलमान कुछ अलग करने जाते हैं तो उनके फैंस को पसंद नहीं आता। और वहीं अदाएं दोहराते हैं तो भी उनकी आलोचना की जाती है। सलमान को समझ नहीं आता कि वे करें तो क्या करें?

बहरहाल, उनकी ताजा फिल्म राधे का निर्माण उसी शैली में किया गया है जिसके लिए सलमान जाने जाते हैं। स्टाइलिश एक्शन, जोरदार वन लाइनर, विलेन का भुर्ता बना देने वाला हीरो, कूल रोमांस और मारामारी के बाद सुखांत। राधे में कमी रह गई तो बस एक अच्छी कहानी की। पता नहीं कहानी को लेकर सलमान की मसाला फिल्मों में मेहनत क्यों नहीं की जाती। यह एक मसालेदार ग्रेवी है, जिसमें सब्जी या चिकन बहुत कम है।

राणा (रणदीप हुड्डा) मुंबई आकर इस शहर को ड्रग्स की गिरफ्त में ले लेता है। युवा ड्रग्स की लत का शिकार होकर बरबाद हो रहे हैं। इस गंदगी को साफ करने में पुलिस नाकाम है। मांग उठती है कि राधे (सलमान खान) के बस का ही यह काम है। 10 साल में राधे के 23 ट्रांसफर हो चुके हैं और वह 97 एनकाउंटर कर चुका है। इस परिचय के साथ राधे की एंट्री होती है। राधे मुंबई के दो गैंगस्टर्स में समझौता कराता है और फिर वह राणा के पीछे लग जाता है। राणा और राधे की लुकाछिपी का अंत क्लाइमैक्स में होता है।

2017 में बनी कोरियन फिल्म 'द आउटलॉज़' का यह हिंदी रीमेक है जिसमें भारतीय दर्शकों की पसंद के अनुसार परिवर्तन किए गए हैं। सीधे-सीधे यह अच्छाई बनाम बु-राई या चोर-पुलिस की कहानी है जिसकी पहली फ्रेम से ही पता चल जाता है कि आखिरी फ्रेम में क्या होगा। बात इस पर आ टिकती है कि यह कैसे होगा?

राधे की शुरुआत बेहतरीन है। 15 मिनट में ही हीरो, हीरोइन और विलेन की एंट्री हो जाती है। रोमांस थोड़ा कॉमेडी का पुट लिए हुए है और कुछ मनोरंजक दृश्य देखने को मिलते हैं। भले ही हीरोइन दीया (दिशा पटानी) को राधे की असलियत नहीं पता है जबकि पूरे शहर में राधे के चर्चे हैं। लेकिन सलमान की फिल्मों में इतनी डिटेलिंग पर ध्यान दिया ही नहीं जाता और न ही उन्हें पसंद करने वाले इन बातों पर ध्यान देते हैं।

फिल्म में सलमान शर्ट भी उतार देते हैं। आप सवाल करेंगे कि इसमें नई बात क्या है? नई बात है। मारामारी करते समय वे शर्ट नहीं उतारते बल्कि हल्के-फुल्के दृश्य में ही वे शर्ट उतार कर बॉडी के दर्शन करा देते हैं और उनकी बॉडी देख गुंडे नहीं भागते बल्कि लड़कियां आहें भरती हैं।

निर्देशक प्रभुदेवा भी जानते थे कि कहानी में नयापन नहीं है इसलिए उन्होंने फिल्म को तेज गति से दौड़ाया है ताकि दर्शक ज्यादा सोच-विचार नहीं करे। सलमान की सुपरस्टार छवि को ध्यान में रखते हुए उन्होंने फिल्म निर्देशित की है। राधे के किरदार में सलमान की झलक देखने को मिलती है। सलमान की सॉफ्ट साइड को हाइलाइट करते हुए दर्शाया गया है कि वे युवाओं के लिए सोचते हैं, ड्रग्स के खिलाफ हैं, लड़कियां बहादुर बने, उनके दिल में समाज के कमजोर वर्ग के लिए कुछ करने की ललक है। दूसरी ओर सुपरस्टार की छवि को ध्यान में रखते हुए सलमान के फाइट सीन डिजाइन किए गए हैं जिसमें वे लगेज की तरह गुंडों को उठा लेते हैं और बिजली की गति से उनका दम निकाल देते हैं।

शुरुआती घंटे के बाद फिल्म लड़खड़ाती है, ऐसा लगता है कि अब कहने को कुछ नहीं रह गया है, फिर क्लाइमैक्स में रफ्तार पकड़ती है। रोमांटिक, फाइटिंग और कॉमिक सीन पूरी फिल्म में लूप में चलते रहते हैं। बीच-बीच में गानों का भी डोज़ है। प्रमोशन के बिना गाने ज्यादा हिट तो नहीं हुए हैं, लेकिन इनकी कोरियोग्राफी और पिक्चराइजेशन आंखों को सुकून देने वाला है। फिल्म में कई फाइट सीन हैं, लेकिन ये ज्यादा प्रभावित इसलिए नहीं करते क्योंकि सलमान सब कुछ बेहद आसानी से करते नजर आते हैं, उन्हें किसी किस्म की परेशानी नहीं होती। विलेन के रूप में रणदीप के किरदार को प्रस्तुत करने में गड़बड़ी हुई है। कभी वे आम गुंडे लगते हैं तो कभी अंतरराष्ट्रीय स्तर के, इससे फिल्म कहीं-कहीं कमजोर लगती है।

राधे के रूप में सलमान पूरी फिल्म में अपना दबदबा बनाए रखते हैं। वे हैंडसम लगे हैं, रिलैक्स और कूल नजर आए हैं, और उसी अंदाज में राधे के किरदार को पेश किया है जैसा कि उनके फैंस चाहते हैं। एक्शन सीन में वे अच्छे लगे हैं। साथ ही रोमांटिक और कॉमिक सीन में भी उनका अभिनय अच्छा है।

दीया के रूप में दिशा पाटनी अपना असर छोड़ती हैं। पहले घंटे में उन्हें अच्छे सीन मिले हैं, लेकिन दूसरे घंटे में भूला दिया गया है। जैकी श्रॉफ का किरदार कॉमिक टच लिए है और इसे थोड़े और फुटेज दिए जा सकते थे। विलेन के रूप में रणदीप हुड्डा असरदार रहे हैं। उनका लुक, डॉयलॉग डिलेवरी और एक्टिंग उन्हें खतरनाक बनाती है।

अयानंका बोस ने फिल्म को बेहतरीन तरीके से शूट किया है। उनका काम इंटरनेशनल लेवल का है और यह भी एक बड़ी वजह है कि फिल्म से आप जुड़े रहते हैं। फिल्म की एडिटिंग शॉर्प है और दो घंटे से भी कम समय की राधे सलमान के करियर की अवधि के रूप में सबसे छोटी फिल्म है।

पिछले सवा साल से हम इस तरह की मसाला फिल्म से दूर हैं इसलिए राधे को देख यह 'भूख' मिटाई जा सकती है और कोरोनावायरस के दर्द को भुलाया जा सकता है। हालांकि राधे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी रिलीज हुई है, लेकिन इसका निर्माण ओटीटी कंटेंट के अनुरूप नहीं बल्कि सिनेमाघर में फिल्म देखने वाले दर्शकों की पसंद के अनुरूप हुआ है।

राधे देखते समय सबसे ज्यादा यह बात अखरती है कि इसे घर पर देखना पड़ा है। सलमान की फिल्म को उनके फैंस के बीच बड़े परदे पर सीटियों और तालियों के बीच देखने से जो माहौल पैदा होता है उसे मिस करना अखरता है।

निर्माता : सलमा खान, सोहेल खान, रील लाइफ प्रा.लि.  
निर्देशक : प्रभुदेवा  
संगीत : साजिद-वाजिद, देवी श्री प्रसाद, हिमेश रेशमिया  
कलाकार : सलमान खान, दिशा पाटनी, रणदीप हुड्डा, जैकी श्रॉफ, जैकलीन फर्नांडीज  
ङ्ट 1 घंटा 49 मिनट 33 सेकंड  
रेटिंग : 2.5/5

## सोशल मीडिया पर उड़ी परेश रावल के निधन की अफवाह, एक्टर बोले- गलतफहमी के लिए खेद है...



देशभर में कोरोनावायरस का कहर देखने को मिल रहा है। इस महामारी के कारण हर दिन हजारों लोगों की मौत हो रही है। वहीं सोशल मीडिया पर कई सेलेब्स के निधन की अफवाह वायरल हो रही है। अब बॉलीवुड एक्टर परे-श रावल के निधन की अफवाह भी सोशल मीडिया पर उड़ गई।

एक यूजर ने लिखा था कि परेश रावल का निधन हो गया है। इस पोस्ट में परेश रावल की तस्वीर भी शेयर की गई थी। हालांकि इससे पहले लोग ऐसी अफवाहों को और ज्यादा आगे बढ़ाएं। परेश रावल ने खुद इस पर सफाई देते हुए बता दिया है कि वह बिल्कुल ठीक हैं और ऐसी खबरें अफवाह मात्र हैं।

परेश रावल ने इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें उनकी फ्रेम की हुई तस्वीर लगी है। साथ में लिखा है, आज दिनांक 14/05/2021 को सुबह 7:00 बजे फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा परेश रावल जी की मृत्यु हो गए। साथ में जलते दिए या मोमबत्ती के साथ श्रद्धांजलि दी गई है।

इस पोस्ट के साथ परेश रावल ने कॉमेंट किया, गलतफहमी के लिए खेद है क्योंकि मैं 7 बजे के बाद सोया था। परेश रावल का ये ट्वीट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैन्स परेश की लंबी आयु की कामना कर रहे हैं।

## अंकिता-विक्की जल्द लेंगे सात फेरे




टीवी से बॉलीवुड में एंट्री करने वालीं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों सिनेमा से दूर हैं। लेकिन बिजनेसमैन विक्की जैन के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। सुशांत सिंह राजपूत से ब्रेकअप के बाद विक्की जैन के साथ रिश्ते में आईं अंकिता अब शादी के लिए बिलकुल तैयार हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी शादी को लेकर बात की। उन्होंने खुद खुलासा किया जल्द ही वह दुल्हन बनने जा रही हैं। 'पवित्र रिश्ता' फेम अंकिता लोखंडे विक्की जैन के साथ काफी समय से रिलेशनशिप में हैं। दोनों की शादी कब होगी ये फैंस जानना चाहते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि मेरे लिए प्यार एक जरूरत है। जैसे मेरे लिए खाना जरूरत ठीक उसी तरह मेरी जिंदगी में प्यार की भी जरूरत है। अंकिता ने आगे कहती हैं कि मैं कहीं भी जाऊं या काम कर रही हूं, तो मेरा पार्टनर मुझे साथ चाहिए बाकी दुनिया से मुझे लेना देना नहीं है। अगर हम दोनों साथ बैठकर चाय भी पी रहे हैं तो मेरे लिए वही काफी है। मेरे पार्टनर के साथ बिताए हर पल मेरे लिए खास है। अपनी शादी पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'किसी भी लड़की के लिए शादी एक बेहद खूबसूरत एहसास होता है। मैं भी अपनी शादी को लेकर काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि वो दिन जल्द आ रहा है। मैं जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रही हूं'। अपनी शादी को लेकर उन्होंने लिखा, 'मेरी शादी जयपुर या जोधपुर में होगी। हालांकि, अब तक कोई प्लानिंग नहीं है, लेकिन मैं राजस्थानी अंदाज में ही शादी करना चाहती हूं।'

## जैकलीन की अपील



कोरोना वायरस की दूसरी लहर के भयावह रूप के बीच बॉलीवुड सेलेब्स लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लोगों का हौसला बढ़ा रहे हैं और अपने आस-पास लोगों की मदद करने की अपील कर रहे हैं। इसी बीच जैकलीन फर्नांडिस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर तस्वीर के साथ एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वो अपने फैंस से लोगों की मदद करने की अपील कर रही हैं। उनकी इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर काफी पसंद किया जा रहा है, पोस्ट को अब तक सात लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। तस्वीर को इंस्टग्राम पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, 'मजबूत रहें, सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें, जितना हो सके दूसरों की मदद करें। हमेशा प्यार और दया फैलाएं! हम सभी अपने-अपने तरीकों से महामारी से लड़ रहे हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'आइए हम सभी के साथ सहानुभूति और समझदारी रखें। एक-दूसरे के लिए होने दें! दया की अपनी कहानियों को हमारे साथ शेयर करते रहें और हम प्यार, एक्ता जैसे शब्दों को फैलाने में मदद करें।' बता दें कि हाल ही में उन्होंने इस मुश्किल दौर में लोगों की मदद के लिए योलो नाम के एक फाउंडेशन की स्थापना की थी। फाउंडेशन की जानकारी शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'हमारा ये एक जीवन है, जो कुछ भी हम कर सकते हैं उसे इस दुनिया में करने के लिए करें! मुझे योलो फाउंडेशन के लांच की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। दयालुता की कहानियां बनाने और शेयर करने के लिए एक पहल।' उन्होंने आगे लिखा, 'इस चुनौतीपूर्ण वक्त में योलो फाउंडेशन कई एनजीओ के साथ मिलकर काम करेंगा। ये जानने के लिए कि आप योगदान दे सकते हैं और अपने आस-पास के जीवन में बदलाव ला सकते हैं।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529